नई दिल्ली, बुधवार 5 जून 2024 ■ ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष : 28, अंक : 55 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 19 न्यून.13 haribhoomi.com

■ चंद्रबाबू नायडू-नीतीश कुमार पर अब निर्भर रहेगी नरेंद्र मोदी की तीसरी पारी

अयोध्या में भाजपा की हार इंडिया गठबंधन ने हासिल की जीत

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

- मध्यप्रदेश में क्लीन स्वीप
- छत्तीसगढ़ में भाजपा की बड़ी जीत
- 10 सीटों पर विजय

543 कुल सीटें

सीटों का गणित

293 एनडीए भाजपा 240

232 इंडिया कांग्रेस 100

18 अन्य क्षेत्रीय, निर्दलीय

दिग्गज जीते

नरेंद्र मोदी

अमित शाह



राजनाथ सिंह

राहुल गांधी

कुमारी सैलजा

शशि थरूर

दिग्गज हारे

स्मृति ईरानी

अर्जुन मुंडा



अधीर रंजन चौधरी

वाई.एस. शर्मिला रेड्डी



उज्ज्वल निकम

साध्वी ज्योति

न प्यार, न तिरस्कार एनडीए तीसरी बार

हरियाणा और राजस्थान में घटी भाजपा की सीटें, यूपी में सपा नंबर वन

कर्नाटक और तेलंगाना ने भाजपा को दिया सहारा

केरल व तमिलनाडु में कुछ खास हासिल नहीं कर पायी भाजपा

नतीजे ऐसे आए की भाजपा खुश और कांग्रेस भी खुश। भजपा को उम्मीद थी कि मोदी की गारंटी के बल पर वह 300 के नजदीक पहुंच गई।

एनडीए को बहुमत, नीतीश और नायडु के हाथ सत्ता की चाबी

यूपी, महाराष्ट्र, बंगाल और पंजाब में बुरी तरह फिसली भाजपा

गुजरात, मध्यप्रदेश, छग, ओडिसा, दिल्ली, हिमाचल और उत्तराखंड में जादू रहा बरकरार

प. बंगाल में खेला, 42 में से ममता को 29 सीटें

पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ा झटका मिला है। 42 लोकसभा सीटों वाले राज्य में तृणमूल कांग्रेस 29 सीटों पर जीत दर्ज की। 11 सीटें भाजपा के खाते में और एक सीट कांग्रेस के खाते में गई है। दो दिन पहले आए एग्जिट पोल में भाजपा को 28 से 31 सीटें दी गई थीं। वहीं सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को 11-14 सीटें मिलने की बात कही गई थी। असल नतीजों में बाजी पलट गई।

आनंद राणा.नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के नतीजों ने मंगलवार को देश को चौंका दिया। चुनाव से पहले 400 पार का नारा देने वाली भाजपा अपने दम पर बहुमत का आंकड़ा 272 छूने से पहले ही ठिठक गई। इंडिया गठबंधन उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करने में कामयाब रहा। लगभग सभी एक्जिट पोल खोखले साबित हुए। यह कहना सही होगा कि दस साल तक पूर्ण बहुमत की सरकार देखने के बाद देश एक बार फिर गठबंधन की सरकार के दौर में प्रवेश कर रहा है।भाजपा को अपने दम पर बहुमत भले ही ना मिला हो पर सबकुछ ठीक रहा तो वह नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडु के साथ मिलकर सरकार बनाती दिख रही है। हालांकि चर्चा यह भी है कि कांग्रेस इन दोनों नेताओं के साथ-साथ भाजपा के साथी कुछ छोटे दलों को अपने पाले में लाने की कोशिश में जुट गई है।

चुनाव नतीजे भाजपा की उम्मीदों और कल्पनाओं से परे रहे। पार्टी को उम्मीद थी कि मोदी की गारंटी के बल पर वह 300 के नजदीक पहुंच गई पर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तगड़ी पटकनी दी। इसके साथ ही महाराष्ट्र, बंगाल और राजस्थान में भी भाजपा 2019 की अपनी जीत को दोहरा नहीं पाई। पंजाब में भाजपा खाली हाथ रही। हरियाणा में उसकी ताकत आधी मिली। केरल और तमिलनाडु में भाजपा कोई करिश्मा दिखाने में असफल रही। हालांकि गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और ओडिशा के बल पर भाजपा अन्य दलों के मुकाबले सबसे ज्यादा सीटें जीतने में कामयाब रही। भाजपा चुनाव प्रचार के दौरान लगातार यह दावे कर रही थी कि विपक्षी गठबंधन इंडिया मैदान में कहीं नहीं है।

संविधान पर खतरा, मंहगाई, बेरोजगारी मुद्दों पर घिरी भाजपा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस चुनाव का सबसे बड़ा चेहरा थे। उन्होंने मतदाताओं के सामने अपनी गारंटी का भरोसा रखा पर बावजूद इसके कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दल जनता को संविधान पर खतरा, किसान, मंहगाई, बेरोजगारी और अग्निवीर योजना जैसे मुद्दों के जरिये अपने पीछे लामबंद करने में कामयाब रहे ही साथ ही भाजपा के विजयी रथ को लक्ष्य से पहले रोकने में भी सफल रहे। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में अपने सांसदों के बड़ी तादाद में टिकट काटकर नये चेहारों को मैदान में उतरा था, नतीजों से साफ है कि यह दांव पार्टी पर उलटा पड़ा। जिन सांसदों के टिकट कटे या जो टिकट के तगड़े दावेदार थे पर टिकट नहीं ले पाये उनकी बेरूखी का खमियाजा भाजपा को भुगतना पड़ा। उत्तर प्रदेश में भाजपा का आंकड़ा पिछले बार की अपेक्षा करीब-करीब आधा का रह गया। भाजपा गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में साल 2014 में 73 सीटें हासिल की थी। 2019 में भी सीटें पिछले बार के मुकाबले कुछ कम तो हुई पर भाजपा उत्तर प्रदेश का किला बचाने में कामयाब रही थी। महाराष्ट्र में दलों की टूट के बाद भी मतदाता इंडिया गठबंधन के साथ जुड़े रहे, चुनाव नतीजों ने यह साबित किया। बंगाल में भाजपा को उम्मीद थी कि सीटें बढ़ेंगी पर ममता बेनर्जी एक बार फिर अपनी ताकत दिखाने में सफल रहीं।

भाजपा हाईकमान रणनीति बनाने में जुटा, सरकार बनाने की तैयारी

चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिल पाया है। हालांकि भाजपा की अगुवाई वाला एनडीए बहुमत से ज्यादा सीटें ले आया है। भाजपा के सामने सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि उसके साथ चुनाव लड़े नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडु अगर पलट गए तो क्या होगा। नतीजों से साफ है कि सत्ता की चाबी इन दोनों नेताओं के हाथ में है। नीतीश बिहार में कितनी बार पलटी मार चुके हैं यह कोई छुपी बात नहीं है। भाजपा यह जानती है। यहीं वजह है कि मंगलवार को दोपहर से ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पर अमित शाह, राजनाथ सिंह और बीएल संतोष अपने हर सहयोगी को साधने में जुटे रहे।
बताया जा रहा है कि नीतीश और नायडु से प्रधानमंत्री मोदी ने भी बात की। सूत्रों के अनुसार भाजपा राष्ट्रपति के सामने सरकार बनाने का दावा पेश करेगी। सबसे बड़ा दल होने के चलते राष्ट्रपति के सामने भाजपा का दावा सबसे मजबूत भी होगा। बताया जा रहा है कि भाजपा हाईकमान के लिए उत्तर प्रदेश एक बड़ी पहेली बनकर सामने आया है। पार्टी को उम्मीद थी कि यहां करीब 65 सीटों पर उसकी जीत होगी लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। भाजपा अगर सरकार बनाती है तो उसे गठबंधन की बैसाखी के सहारे चलना होगा। उत्तर प्रदेश के नतीजों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सूबे पर एकतरफा पकड़ की सच्चाई भी सामने रख दी है।

आशीर्वाद के लिए आभार

हमीरपुर। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने पांचवीं बार हमीरपुर लोकसभा से रिकॉर्ड जीत हासिल की है। ठाकुर ने ये चुनाव 1 लाख 82 हजार से ▸▸शेष पेज 5 पर

ड्रीम गर्ल कही जाने वाली हेमामालिनी की तीसरी बार जीत

हेमा की हैट्रिक, कंगना का जलवा

कई सेलेब्स भी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाने के लिए उतरे। इनमें से बहुत से ऐसे सितारे हैं, सालों से राजनीति में सक्रिय हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत हिमाचल की मंडी सीट से चुनाव जीत गईं। इस सीट पर उनका मुकाबला कांग्रेस से विक्रमादित्य सिंह के साथ था। बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल कही ▸▸शेष पेज 5 पर

52 केंद्रीय मंत्रियों में से 20 हारे

- राज्यमंत्री-राजीव चंद्रशेखर
- राज्यमंत्री-कपिल पाटिल
- राज्यमंत्री-कौशल किशोर
- राज्यमंत्री-रावसाहेब दानवे
- राज्यमंत्री-भगवंत खूबा
- राज्यमंत्री-भानु प्रताप सिंह वर्मा
- राज्यमंत्री-सुभाष सरकार
- राज्यमंत्री-कैलाश चौधरी
- राज्यमंत्री-एल. मुरुगन
- राज्यमंत्री-संजीव बालियान
- राज्यमंत्री-साध्वी निरंजन ज्योति
- राज्यमंत्री-भारती प्रवीण पवार
- राज्यमंत्री-वी. मुरलीधरन
- राज्यमंत्री-नित्यानंद राय
- राज्यमंत्री-अजय मिश्र टेनी
- राज्यमंत्री-निसिथ प्रमाणिक

मध्यप्रदेश में भाजपा का क्लीन स्वीप

मध्यप्रदेश में भाजपा पूरी 29 सीटों पर जीत दर्ज कराई है। कांग्रेस के दिग्गज कमलनाथ ने हार कबूल ली। गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ऐतिहासिक जीत हासिल कर एक बार फिर सिंधिया ने अपनी वापसी की है। सिंधिया को 923303 वोट ▸▸शेष पेज 5 पर

इंदौर ने रचा इतिहास...लालवानी 10 लाख 8 हजार 77 मतों से जीते, शिवराज ने भी बनाया रिकॉर्ड

ऐसे बोल

देश चलाने के लिए मोदी-शाह की जरूरत नहीं: राहुल गांधी

राहुल गांधी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पार्टी सिर्फ एक राजनैतिक दल के खिलाफ नहीं लड़ी। यह चुनाव हम भाजपा, हिंदुस्तान की संस्था, सीबीआई-ईडी, इन सबके खिलाफ लड़े, क्योंकि इन संस्थाओं को नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने डराया-धमकाया। राहुल गांधी ने दो टूक कहा कि वे इस तरह से कोई बयान नहीं दे सकते हैं।

भोपाल। लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को इंदौर में भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी ने इतिहास रच दिया। उन्होंने न सिर्फ सबसे ज्यादा वोट प्राप्त किए बल्कि अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को सबसे ज्यादा मतों के अंतर से पराजित भी किया। शंकर लालवानी को 12 लाख, 26 हजार 751 वोट प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी बसपा के संजय सोलंकी को मात्र 51 हजार 659 मत ही मिले। इंदौर लोकसभा में कुल मतदाता 27 लाख 95 हजार वोटर हैं, यहां कुल 15 लाख 61 हजार 968 वोट पड़े। ललवानी ने 10 लाख 08 हजार 77 वोटों से जीत दर्ज की। यानी उन्हें 43.89 प्रतिशत वोट मिले हैं। जबकि नोटा में 2 लाख 18 हजार 674 वोट पड़े। ये भी एक रिकॉर्ड है।

विदिशा: शिवराज को मिले 11 लाख 16 हजार 460 वोट

विदिशा लोकसभा में 14 लाख 61 हजार 968 डाले गए। जिसमें पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान को 11 लाख 16 हजार 460 यानी करीब 57.60 प्रतिशत वोट मिले।

विदिशा की जीत इंदौर से बड़ी क्यों?

पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की जीत का अंतर 8 लाख 21 हजार 408 है, जबकि इंदौर लोकसभा की अपेक्षा विदिशा लोकसभा में 8 लाख 57 हजार वोटर कम हैं। इस तरह देखें तो मतदाताओं की संख्या के हिसाब से शिवराज सिंह चौहान ने देश की सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। इंदौर लोकसभा क्षेत्र के कुल 27 लाख 95 हजार मतदाताओं में से शंकर लालवानी को कुल मतों का 43.89 प्रतिशत वोट मिले हैं। वहीं, विदिशा लोकसभा क्षेत्र के 19 लाख 38 हजार मतदाताओं में से शिवराज को कुल 57.60 प्रतिशत वोट मिले हैं। यह बात भी गौर करने वाली है कि इंदौर लोकसभा में कांग्रेस का प्रत्याशी मैदान छोड़ गया था।

यह जनता की जीत है, मोदी के खिलाफ जनादेश

मल्लिकार्जुन खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह जनता की जीत है, मोदी के खिलाफ जनादेश आया है। कांग्रेस ने इस बात पर भी जोर दिया कि चुनाव के दौरान उन्हें रोकने के लिए सत्ताधारी दल ने हर संभव कोशिश की, लेकिन फिर भी जनता ने उन पर भरोसा जताया। पूरे चुनाव के दौरान जिस प्रकार का कैंपेन पीएम मोदी ने चलाया उसे लंबे समय तक याद रख जाएगा।

खबर संक्षेप

12 साल से फरार आरोपी चढ़ा साउथ पुलिस के हत्थे

नई दिल्ली। दक्षिण जिले के स्पेशल स्टाफ और एएटीएस द्वारा दो घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों में से एक पिछले 12 वर्षों से कोर्ट उपस्थिति से बच रहा था। इनके नाम इरफान और मोहम्मद शादाब बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार एक जून को गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, राजस्थान में एक घोषित अपराधी की गतिविधि के बारे में सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना को और विकसित किया गया और जाल बिछाकर इरफान को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान इसने खुलासा किया कि जमानत पर रिहा होने के बाद वह वर्तमान मामले में कभी भी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। तीन जून को एएटीएस की एक टीम को मारुति सुजुकी वर्कशॉप मायापुरी औद्योगिक क्षेत्र के पास एक घोषित अपराधी के छिपे होने के बारे में सूचना मिली थी। आरोपी को जाल बिछाकर पकड़ लिया गया। आरोपी का नाम मोहम्मद शादाब पता चला। इरफान के खिलाफ बदरपुर और शादाब पर हौज खास थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज था।

महिला की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने समयपुर बादली इलाके में हुई एक महिला की हत्या के आरोपी को अरेस्ट किया है। झगड़े में भाई को बचाने के दौरान इस महिला की हत्या कर दी गई थी। आरोपी का नाम प्रमोद (27) बताया गया है। वह इलाके का ही रहने वाला है। पुलिस के के मुताबिक इसी साल 21 जनवरी को महिला की हत्या की गई थी। दरअसल आरोपी महिला के भाई की पिटाई कर रहे थे। भाई को बचाने के लिए वह बीच में आ गई थी। इस दौरान उसे भी बेरहमी से मारा पीटा गया था, जिस कारण उसने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। इस घटना के बाद हमलावर प्रमोद फरार हो गया था। क्राइम ब्रांच को आरोपी के पानीपत में रहने के बारे में पता चला। इसके साथ यह भी जानकारी मिली कि वह अपनी पत्नी से मिलने के लिए दिल्ली के बांकनेर आता है। पुलिस ने ट्रैप लगाकर इसे पकड़ लिया। आरोपी चोरी के एक अन्य मामले में पहले भी शामिल रह चुका है।

धूप के बीच कई जगह हुई बारिश, पारा अब भी 44

नई दिल्ली। दिल्ली में मौसम भी अलग अलग खेल खेल रहा है। मंगलवार को दोपहर बाद आसमान पर चटख सूरज के बीच अचानक मोटी मोटी बूंदे गिरने लगी। यानी खिली खिली चटख धूप और बरसात दोनों एक साथ देखने को मिली। ऐसे नजारे कभी कभी देखने को मिलते है। हालांकि इस हल्की बारिश से दिल्ली वालों को कोई राहत नहीं मिली। दिल्ली वालों को अब भी 43.8 डिग्री तापमान का दंश झेलना पड़ रहा है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार मौसम को लेकर पहले ही येलो अलर्ट जारी किया था, जो बुधवार को भी जारी रहेगा। आईएमडी के अनुसार दिल्ली यमुनापार में एसपीएस मयूर विहार 3.0 मिमी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में औसत तापमान 43.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ, जो सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 30.4 सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा है। ऐसे में राजधानी में सबसे ज्यादा नरेला में 46.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ है।

पानी की किल्लत जारी राजधानीवासी परेशान

नई दिल्ली। गत लंबे समय से पीने के पानी की भारी किल्लत झेल रहे दिल्ली वालों को अभी भी राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। अब भी दिल्ली के गीता कॉलोनी, संगम विहार, खानपुर, देवली, अंबेडकर नगर, आली गांव, सिरसपुर, हैदरपुर जे जे क्लस्टर, शालीमार गांव, प्रधान एंक्लेव, करावल नगर में पीने के पानी की किल्लत जारी है। बावजूद इसके दिल्ली जल बोर्ड दावा कर रहा है कि बोर्ड के सभी संयंत्र लगातार कार्य कर रहे है, कोई बंद नहीं हुआ। डीजेबी का दावा अब भी यही है कि सभी संयंत्र अपनी तय क्षमता से अधिक जल शोधन कर रहे है। डीजेबी के आला अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को भी सभी 9 जल शोधन संयंत्रों ने अपनी तय क्षमता 956 एमजीडी से ज्यादा 1002.62 एमजीडी पानी का शोधन किया है।

आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय बोले-हमने विपरीत परिस्थितियों में चुनाव लड़ा

दिल्ली में भाजपा को कड़ी टक्कर दी, देश के लोगों ने नफरत व तानाशाही के खिलाफ वोट दिया: आप

हरिभूमि/एजेंसी ⏭नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद इसके उम्मीदवारों ने दिल्ली में भाजपा को कड़ी टक्कर दी और साथ ही लोगों ने भाजपा की नफरत तथा तानाशाही की राजनीति के खिलाफ मतदान किया। मंगलवार को लोकसभा चुनाव नतीजों के में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लिए निराशाजनक नतीजे सामने आए जो उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के अपने गढ़ों में बड़ा नुकसान उठाया है, हालांकि इसके लगभग 290 सीट के साथ सरकार बनाने की उम्मीद है।

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं देश के मतदाताओं के सामने सिर झुकाना चाहता हूं। आज चुनाव परिणाम आ रहे हैं। तस्वीर साफ होती जा रही है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव जनता के लिए एक संदेश है कि वह भाजपा के 10 साल के शासन से थक गई है और उसे बाहर करना चाहती है। लोग महंगाई से परेशान हो गए हैं। यह भारत के लोकतंत्र की सुंदरता है कि लोगों ने भाजपा को वापस जाने के लिए कहा है। भाजपा के 272 के बहुमत के आंकड़े से दूर दिखाई देने पर सिंह ने कहा कि नतीजे भाजपा और उसकी नफरत तथा तानाशाही की राजनीति के लिए एक बड़ा सबक हैं। अगर प्रधानमंत्री में थोड़ी सी भी नैतिकता है, तो उन्हें 400 पार का नारा देने के लिए पद छोड़ देना चाहिए। पार्टी के चुनाव प्रदर्शन के बारे में आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि हमने विपरीत परिस्थितियों में चुनाव लड़ा।

राय ने कहा कि भाजपा के सहयोगियों- तेदेपा के एन चंद्रबाबू नायडू और जदयू नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि दोनों ने अतीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध किया था। उन्होंने कहा कि देश के लोग चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार से उम्मीद करते हैं कि वे सही समय पर सही निर्णय लेंगे और देश में तानाशाही खत्म करने के उनके आह्वान को सुनेंगे। सिंह ने कहा कि भविष्य की रणनीति तय करने के लिए 'इंडिया' गठबंधन जल्द ही बैठक करेगा।

अब गेंद तेदेपा और जद (यू) के पाले में :भारद्वाज

रुझानों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अपने दम पर बहुमत से दूर रहने के बीच आम आदमी पार्टी (आप)के नेता सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि गेंद अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)के सहयोगी एन. चंद्रबाबू नायडू की तेदेपा और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जद(यू) के पाले में है। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने कभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ विपक्ष को एकजुट किया था।

नहीं चला हाथी, पूर्व मंत्री राजकुमार भी हारे

दिल्ली लोकसभा चुनावों में इस बार भी बहुजन समाज पार्टी का हाथी चल नहीं पाया। हाथी की चाल की हालत यह रही कि इसके सात में से केवल दो ही उम्मीदवार ऐसे रहे जो 5 अंकों के बराबर वोट पाने में सफल हो सके। इसके इतर सातों बसपा उम्मीदवार अपनी जमानत भी बचाने में नाकाम रहे। जमानत गंवाने वालों में आदमी पार्टी सरकार में पूर्व मंत्री राजकुमार आनंद भी शामिल रहे, जिन्होंने आप पार्टी छोड़ बसपा के टिकट पर नई दिल्ली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा है। आनंद छह हजार के करीब ही मत प्राप्त कर सके। बसपा वर्ष 2004 से 2024 तक हुए चार लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमा चुकी है। लेकिन साल दर साल उसके वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी की बजाए गिरावट ही दर्ज हुई है। अगल गत चार चुनावों पर नजर डाले तो बसपा को इस बार 2024 के लोकसभा चुनावों में सबसे कम वोट प्रतिशत महज 0.71 प्रतिशत ही मिल सका है। जबकि वर्ष 2019 में 1.1 फीसदी रहा था। 2014 में मोदी लहर के बीच दिल्ली में बसपा सिर्फ 1.23 फीसदी वोट शेयर मिल सका था। वहीं साल 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने दिल्ली में सबसे ज्यादा 5.23 फीसदी वोट पाने में सफलता प्राप्त की थी। इस चुनाव यानी 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने दक्षिणी दिल्ली सीट पर सबसे ज्यादा 12.4 फीसदी वोट प्राप्त करने में सफलता हासिल की थी।

दिल्ली कांग्रेस ने स्वीकारी, मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का किया धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस पार्टी की हार हुई है। गठबंधन के सहारे अपनी खोई जमीन वापसी के लिए हाथ पैर मार रही दिल्ली कांग्रेस ने अपने तीनों उम्मीदवारों की हार को स्वीकार किया है। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के तहत सात में से तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। इनमें उत्तर पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार, चांदनी चौक से जय प्रकाश अग्रवाल और उत्तर पश्चिम दिल्ली से उदित राज को मैदान में उतारा था। लेकिन तीनों उम्मीदवार कांग्रेस का खाता खोलने में नाकाम रहे है। जीत के लिए तमाम कोशिशों के बाद मिली करारी हार पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता द्वारा दिया गया जनादेश हम स्वीकार करते है। हमारे कार्यकर्ताओं ने चुनाव के दौरान भीष्ण गर्मी में मबजूती और एकजुटता के साथ कड़ी मेहनत की। हार के बावजूद उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि संघर्ष की लड़ाई जारी रहेगी। कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए यादव ने कहा कि चुनाव के नतीजे जो भी रहे हो परंतु यह बहुत अहम है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरे चुनाव में इंडिया गठबंधन सहयोगियों के साथ मिलकर सभी सीटों पर मजबूती के साथ लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि चुनाव में एक की जीत और दूसरे की हार होती है। देवेन्द्र ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में वोट करने पर दिल्ली की जनता का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि हमने लोकतांत्रिक आदर्शों के साथ पारम्परिक और गतिशील विचारधारा के साथ चुनाव लड़ा। पिछले चुनावों के मुकाबले इस चुनाव में जनता ने कांग्रेस उम्मीदवारों को कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मिले मतदान से साफ संदेश मिला है कि कांग्रेस दिल्ली में जल्द वापसी करेगी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के जमीनी स्तर के कार्यकर्ता ने मतदाता तक पहुंचकर कांग्रेस की विचारधारा को उन तक पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि हम संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे और आने वाले समय में दिल्ली में मजबूती के साथ

जनता पीएम मोदी और बिहार के सीएम नीतीश को साथ देखना चाहती : तिवारी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के अहम घटक जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक साथ देखना चाहती है। उत्तर पूर्व दिल्ली से चुनाव लड़ रहे तिवारी ने कहा कि नीतीश कुमार राजग के अहम सहयोगी हैं और देश की जनता ने कहा है कि वे मोदी और नीतीश कुमार को साथ देखना चाहते हैं। मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार बनाएगी और इसमें नीतीश कुमार की बड़ी भूमिका है। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं को भी धन्यवाद ज्ञापित किया। तिवारी ने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है कि पार्टी ने मुझ पर भरोसा दिखाया है और मेरे इलाके के लोगों ने मुझे काफी भरोसा दिया, खास तौर पर उस स्थिति में जब मुझ पर उम्मीदवार ने निशाना साधा और जब आप नेता तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कह रहे थे कि 'रिंकिया के पापा' को हराने की जरूरत है, तो वो कह रहे थे कि एक बेटी के पिता को हराना है। ये सारी बातें मेरे दिमाग में हैं, लेकिन मेरा चरित्र अलग है। उन्होंने कहा कि मैं स्तरहीन बातें नहीं करता। मैं अपने जीवन में बहुत संयत रहना चाहता हूं और हो सकता है कि जो भी निर्णय आए, उसका प्रतिफल भी यही हो। मैं इसी चरित्र के साथ अपने क्षेत्र के लोगों की सेवा करूंगा।

दिल्ली-देहरादून हाईवे साइट पर पहले चोरी की फिर लूटपाट

लक्ष्मी नगर इलाके का मामला, पांच धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

ईस्ट दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके से दिल्ली देहरादून हाईवे कंस्ट्रक्शन साइट पर पहले ऑक्सीजन सिलेंडर चोरी करने और अगले दिन लूटपाट करने के आरोप में पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया हैं। इनके नाम गोपालपुर वजीराबाद निवासी आफताब, मंडावली निवासी फिरोज, शिव विहार निवासी जुबैर, भागीरथी विहार निवासी आलम और वेलकम निवासी मोहम्मद वसीम हैं। इनके पास से एक ऑक्सीजन सिलेंडर, वेल्डिंग मशीन, दो आयरन प्लेट, एक कार, पिस्टल व दो कारतूस बरामद हुये हैं। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता के अनुसार 30 मई की देर रात डेढ़ बजे यमुना पुश्ता रोड दिल्ली देहरादून हाईवे फुटओवर ब्रिज कंस्ट्रक्शन साइट पर ऑक्सीजन सिलेंडर और 10 आयरन प्लेट चोरी होने की शिकायत मिली थी। गार्ड द्वारा बताया गया कि कार सवार बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया। अगले दिन यानि एक जून को फिर चार लोग कार से वहां पहुंचे। उन्होंने गन प्वाइंट पर फिर से वेल्डिंग मशीन और दो आयरन प्लेट कंस्ट्रक्शन साइट से लूट ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की। सीसीटीवी फुटेज चैक करने के बाद पुलिस ने आरोपियों की कार का नंबर पता लगाया। पता चला कि कार का मालिक अफताब मलिक है। वह मंडावली में रहता है। उसका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड मिला, जिसके बाद पुलिस ने अफताब को उसके सहयोगी फिरोज के साथ मधु विहार इलाके से पकड़ लिया। इनसे हुई पूछताछ के बाद पुलिस ने इनके तीन अन्य साथियों को भी अरेस्ट कर लिया। इनमें मोहम्मद वसीम वेलकम एरिया में कबाड़ी की दुकान चलाता है, जिससे चोरी और लूट का सामान बरामद किया गया है।

इग्नू परीक्षा की तिथि को आगे बढ़ाने को लेकर एबीवीपी ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने मंगलवार को इग्नू के सत्रीय परीक्षा की तिथि को आगे बढ़ाने के लिए इग्नू के कुलपति को ज्ञापन सौंपा। यूजीसी नेट की परीक्षा भी समान तिथि पर आयोजित होने के कारण छात्रों को असुविधा से बचाने के लिए एबीवीपी ने इग्नू प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित तिथि को आगे बढ़ाने को मांग की। एबीवीपी दिल्ली के प्रांत मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि, यूजीसी नेट तथा इग्नू की परीक्षा की प्रस्तावित तिथि में टकराव होने के कारण छात्रों को काफी समस्या आ रही थी। इन समस्याओं पर ध्यान देते हुए मंगलवार को हमने इग्नू के कुलपति को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित परीक्षा तिथि में संशोधन करने की मांग की। हमारा मानना है कि किसी भी परीक्षा की तिथि को निर्धारित करने से पहले उस दिन कोई अन्य परीक्षा न हो यह सुनिश्चित करना विश्वविद्यालय प्रशासन का कर्तव्य है ताकि छात्रों को कोई समस्या न हो। एबीवीपी ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नेट की परीक्षा 18 जून 2024 को आयोजित होने जा रही है। तो वहीं इग्नू के सत्रीय परीक्षा की तिथि भी 18 जून 2024 को प्रस्तावित है।

ईडी के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के लिए अदालत नौ जुलाई को पारित करेगी आदेश

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत आबकारी नीति से जुड़े कथित धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के मुद्दे पर नौ जुलाई को आदेश पारित कर सकती है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को मंगलवार को आदेश पारित करना था, लेकिन उन्होंने इसे नौ जुलाई तक के लिए टाल दिया क्योंकि दस्तावेजों के पृष्ठों की संख्या अधिक थी और अदालत को निर्णय लेने के लिए समय चाहिए। इससे पहले, न्यायाधीश ने दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने अपनी दलीलों में कहा था कि उसके पास आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। ईडी ने आरोपपत्र में आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया है। वहीं, अदालत बुधवार को केजरीवाल की चिकित्सा आधार पर जमानत के अनुरोध वाली याचिका पर अपना फैसला सुना सकती है।

पहचान की अपील

अज्ञात

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक पुरुष जिसका नाम, निवास और परिवार अज्ञात है, उक्त पुरुष जिसकी उम्र लगभग 22-23 वर्ष थी, उक्त पुरुष 2189 गौशाला जमुना बाजार के सामने दांडी आश्रम कश्मीरी गेट के पास दिल्ली में 29-05-2024 को मृत हालत में मिला। इस सिल सिले में **डीडी नं: 80ए दिनांक 29.05.2024 को पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** मे दर्ज की गयी है। पुलिस ने मृतक पुरुष की पहचान करने की कोशिश की लेकिन अभी तक कोई सफलता प्राप्त नहीं हो सकी है। मृत पुरुष का विवरण इस प्रकार है:

लिंग: पुरुष, उम्र 22-23 वर्ष, **ऊंचाई:** 5'7", **रंग:**गेहुआँ, **पहनावा:** काली पैंट और चेक वाली शर्ट।

इस अज्ञात मृत पुरुष के परिजनों के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी कश्मीरी गेट, दिल्ली मे दर्ज को सूचित करे।

ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
DP/6699/N/2024

थाना प्रभारी
थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली
फ़ोन नं 011-8750870123

डीएमआरसी के एमडी ने अधिकारियों संग किया दो निर्माणाधीन मेट्रो खंडों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के एमडी डॉ. विकास कुमार ने मंगलवार को चरण चार के तहत निर्माणाधीन गोल्डन लाइन एरोसिटी से तुगलकाबाद कॉरिडोर अंतर्गत सरिता विहार से संगम विहार भूमिगत खंड और संगम विहार से साकेत-जी ब्लॉक तक एलिवेटेड खंड का निरीक्षण किया। इस दौरान एमडी के साथ आला अधिकारी भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने इस लाइन पर हुए कार्य की विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा एमडी ने अधिकारियों व अभियांत्रिकी विभाग से कई चीजों के बारे में अन्य जानकारी भी ली। इसके अलावा एमडी ने तुगलकाबाद इंटरचेंज स्टेशन की प्रगति और सरिता विहार निर्माण स्थल पर न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) विकास की भी समीक्षा की। जानकारी अनुसार यह खंड फेज-4 के निर्माणाधीन 23.89 किलोमीटर लंबे एरोसिटी से तुगलकाबाद कॉरिडोर का हिस्सा हैं। डीएमआरसी ने उक्त लाइन को 2026 तक शुरू करने का लक्ष्य रखा है। इस कॉरिडोर में 15 स्टेशन बनाए जाएंगे। यह कॉरिडोर कश्मीर गेट-राजा नाहर सिंह कॉरिडोर (वायलेट लाइन) के साथ एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन को जोड़ेगा और इसके अलावा राजधानी के दक्षिणी हिस्से के भी कई क्षेत्रों को जोड़ेगा। जानकारी अनुसार तुगलकाबाद-एरोसिटी कॉरिडोर, शहर के मेट्रो नेटवर्क के लिए एक महत्वपूर्ण विस्तार है, जिसका मकसद महरौली-बदरपुर रोड, छतरपुर एक्सटेंशन और महिपालपुर क्षेत्र में परिवहन की बढ़ती मांगों को पूरा करना है। इस लाइन के शुरू होने के यात्रियों के लिए एक नई जीवन रेखा के रूप में सेवा देते हुए यात्रा के समय को कम करेगी।

IndusInd Bank

Office address: 43, Bhageria House, New Friends Colony, New Delhi - 25

Hypothecated Repossessed Vehicle Auction/Sale Notice to General Public

IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on "AS IS WHERE IS BASIS" Vehicle's Model & Registration No. Given Below

Deal No	Customer Name	Registration No	Engine No	Chassis No	Model	Year of Mfg
DEK00017D	THAKUR TRADING COMPANY	HR38AD2550	B6.7B6A300D02122H64232554	MAT828026N3H24758	TATA SIGNA 5530S BS6 FB GOODS TRAILER	2022
DDM03228D	A INDERJEET SINGH	HR38AD0827	NDPZ130363	MB1A3HCD1NADM9187	AL 1615HE 4750MM CHAS CAB FBT Bs6	2022
DGP00675D	Jai Bajrang Bali Transport Company	HR55AL2027	MNPZ122040	MB1A5EHD2NAML8703	AL 1920 UCAB BS6 TRUCK COWL CHASSIS	2022
DGP00677D	Jai Bajrang Bali Transport Company	HR55AL8446	MNPZ122029	MB1A5EHD1NAML8711	AL 1920 UCAB BS6 TRUCK COWL CHASSIS	2022
DGP00679D	Jai Bajrang Bali Transport Company	HR55AL0101	MNPZ122032	MB1A5EHD0NAML8702	AL 1920 UCAB BS6 TRUCK COWL CHASSIS	2022
DGP00885D	K AAKASH	HR47F1606	NDHZ427914	MB1AZGCDXNRDB9983	AL 1815 22FT SL HSD BS6 FBT	2023
DAS03629L	G JAGDISH	DL1LAG4851	UKN1B21118	MA1ZN2UKKN1B26275	MAHINDRA BOLERO PICK UP FB 1.3T MS BS VI	2022
DDF01814L	CHAUHAN ROADWAYS	HR38AC0630	SLTNG6MP273196	MBUZT54AAN0281434	SML SAMRAT CNG GS 21FT BS VI	2022
DDV02035L	SRI RAM TRANSPORT SERVICES	DL1LAH3256	HNH032496P	MB1AA23E2NRHY0151	AL DOST CNG LS FSD BS 6	2022
DDZ02483L	L DINESH KUMAR	DL1LAG1808	E416NCMK365487	MC2EABRC0MK497897	EICHER PRO 2049 HSD BS VI	2022
DDZ02593L	K SHIV	DL1LAH3158	HNH032102P	MB1AA23E9NRHX8462	AL DOST CNG LS FSD BS 6	2022
DDZ02700L	Y ABHISHEK	HR38AD7902	3.3LNGD06JXX528603	MAT767305N7J23238	TATA LPT 1212 / DCR 48 HSD BS VI	2022
DED00449L	SHARMA TRANSPORT CORPORATION	DL1MA6349	3.8SGI79AYX602568	MAT812011M5B01438	TATA 1109G LPT 49 HSD CNG BS VI	2021
DSG00473L	S SHAHID	DL1LAH8333	UKN1G27034	MA1ZP2UKKN1G70780	BMT PLUS CNG PS BS VI	2022
DSG00517L	S RAMU	HR38AE1600	3.3LNGD06NXX534942	MAT563011N7N27693	TATA 1512 G LPT HSD CNG Bs6	2022
DDY04368C	MANDAKINI SHUKLA	DL3CCW7911	K10CNC165928	MA3JMTB1SNJ766466	MARUTI WAGONR VXI CNG	2022
DNG02261G	P ARPIT	DL1LAF5016	275CNG17GYXK24889	MAT556002MVH40596	TATA ACE GOLD CNG BS VI	2021
DDV01733G	MS SHIVI ASSOCIATES	UP16KT1598	275CNG17FXXS86267	MAT556002NVF37925	TATA ACE GOLD CNG BS VI	2022
DDU04456G	DEEPAK	N/A	TD3CSD23019155	MBX000ACF2D287262	APE AUTO HT DX CNG	2023
DAA02272G	ANEK	UP80GT1721	G12BN1107780	MA3EZLF1T00243140	MARUTI SUPER CARRY CNG	2022
DDB03564G	MONU	HR38AF9243	AZXWPL01293	MD2B17AX1PWL53827	Bajaj Maxima Z Cng Bs Vi	2023
DDP01905G	RAHIL	HR38AE1088	AZXWPK52276	MD2B47AX8PWK21588	BAJAJ RE CNG 4S FI Bs6	2023
DDP02070G	VAKIL	HR73B7249	AZXWPB15814	MD2B47AX1PWB22436	BAJAJ RE CNG 4S FI Bs6	2023
DAB00800G	SHAFAYAT	UP13CT6432	275CNG17BWXS26608	MAT556002PVB11934	TATA ACE GOLD CNG +BS VI	2023
DAB00802G	NAJIM	UP13CT6765	275CNG17BWXS19198	MAT556002PVB08614	TATA ACE GOLD CNG BS VI	2023
DDA01603G	MAHBOOB	UP14MT0719	A2M1570974	MA1LV2NSP5A70336	MAHINDRA ALFA DX CNG BS VI TURQ GRYW	2023
DNB00020G	NAUSHAD	UP17BT1153	275CNG17CXXS28687	MAT556002NVC12349	TATA ACE GOLD CNG+ BSVI	2022
DMM02143G	RIZWAN	UP15ET4506	275IDI07HPYSB7623	MAT445075KVH48318	TATA ACE GOLD BS IV	2019
DUB00234G	SHAHBAZ	UP20AT9814	UYN3F90891	MA1KT2UYEN3F61786	MAHINDRA JEETO PLUS 20 CNG BS VI	2022
DAS00977G	MOHD	DL1LAL1934	275CNG18EWXS55811	MAT556012PVE23249	TATA ACE GOLD CNG BS VI	2023
DAS00915G	SANTOSH	DL1LAJ8132	275CNG17AWXS03938	MAT556004PVA02479	TATA ACE GOLD CNG+ BSVI	2023
DAS00857G	PREETI	DL1LAJ4622	275CNG17NXXSG3178	MAT556002NVN67813	TATA ACE GOLD CNG BS VI	2023
DAS00679G	LALIT	DL1LAH2066	UYN3C89246	MA1KP2UYEN3C54759	MAHINDRA JEETO X7 -20 CNG BS VI	2022
DAS01069G	SAKTI	DL1LAL8921	275CNG18HWXSA5346	MAT556012PVH44488	TATA ACE GOLD CNG BS VI	2023
DDP01965G	IMRAN	HR55AP7218	AZXWPL79576	MD2B47AX9WL33025	BAJAJ RE CNG Bs6	2023
DAL01510G	AYYUB	UP81ET0754	800CCDI04AWXS07306	MAT559007PZA01664	TATA ACE HT PLUS BSVI	2023
DAL01606G	VEERPAL	UP81ET4959	AZXWPC51602	MD2B17AX7PWC69482	BAJAJ MAXIMA Z CNG BS VI	2023
DAM05464G	LAKHAN	UP85DT0566	TD3CSH13013084	MBX0007MF1H210445	APE AUTO HT DX CNG Bs6	2024
DAM06460G	GUDDU	UP81ET6749	700CCDI04HWXSB2863	MAT559033PYH40274	TATA ACE GOLD DIESEL BS VI	2023

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 7 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

Place : New Delhi

Contact Person : Yogesh Saini, Mob.No: 8860862245

उत्तर-पूर्वी दिल्ली- मनोज तिवारी ने कन्हैया कुमार को 1,38,778 वोटों से हराया

चांदनी चौक- प्रवीण खंडेलवाल ने जय प्रकाश अग्रवाल को 89,325 वोटों से हराया

नई दिल्ली- बांसुरी स्वराज ने सोमनाथ भारती को 78,370 वोटों से हराया

पूर्वी दिल्ली- हर्ष मल्होत्रा ने कुलदीप कुमार को 93,663 वोटों से हराया

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली- योगेंद्र चंदोलिया ने उदितराज को 2,90,849 वोटों से हराया

पश्चिमी दिल्ली- कमलजीत सहरावत ने महाबल मिश्रा को 1,99,013 वोटों से हराया

दक्षिणी दिल्ली- रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सहीराम को 1,24,333 वोटों से हराया

दिल्ली में भाजपा ने लोकसभा की सातों सीटों पर मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में भाजपा ने लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनावों में जीत दर्ज की है। वहीं, दूसरी तरफ जनता ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के इंडिया गठबंधन को नकार दिया है। माना जा रहा था कि इस बार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी 2 से 3 सीट जीत सकते हैं लेकिन इसी दौरान आप के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जेल जाना और फिर उसके बाद मुख्यमंत्री आवास में दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट का असर भी इस चुनाव पर देखने को मिला है। जिसके चलते जनता ने इंडिया गठबंधन के तहत आप के चार और कांग्रेस के तीन सीट पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को नकार दिया। वहीं, दूसरी तरफ दिल्ली में मोदी सरकार की नीतियों, विकास परियोजनाओं और राम मंदिर निर्माण से प्रभावित होकर दिल्ली की जनता ने फिर से तीसरी बार कमल खिलाया है। देखा जाए तो इस बार उत्तर पूर्वी सीट पर भाजपा के मनोज तिवारी और गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार के बीच कड़ा मुकाबला था।

दिल्ली की जनता ने लगातार तीसरी बार 7-0 की विजय देकर रचा है अभूतपूर्व इतिहास : सचदेवा

तीसरी बार लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने जा रही है और देश खासकर दिल्ली ने मोदी सरकार की विकास नीतियों पर अपना वोट दिया है। दिल्ली की जनता ने लगातार तीसरी बार भाजपा को 7-0 से विजयी बना कर एक अभूतपूर्व इतिहास रहा है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा है कि 1952 से आज तक दिल्ली ने कभी भी लगातार तीन लोकसभा चुनाव में एक ही पार्टी को नहीं जिताया है पर आज दिल्ली ने भाजपा को मोदी सरकार पर विश्वास प्रकट करते हुए तीसरी बार भाजपा को जिताया है। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली की जनता ने इस चुनाव में अरविंद केजरीवाल एवं आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार को पूरी तरह नकार दिया है। लाख कोशिशों एवं भ्रम के मायाजाल को फैलाने के बावजूद आम आदमी पार्टी को ना सिर्फ दिल्ली वालों ने बल्कि पंजाब की जनता ने भी केजरीवाल पार्टी को पूरी तरह ठुकरा दिया है।

जीत के बाद जनता का जताया आभार

लोकसभा चुनाव में जीत के बाद चांदनी चौक से भाजपा के प्रवीण खंडेलवाल, उत्तर-पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी, पूर्वी दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा, नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज, उत्तर-पश्चिमी दिल्ली से योगेंद्र चंदोलिया, पश्चिमी दिल्ली से कमलजीत सहरावत और दक्षिणी दिल्ली से रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली की जनता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनका आभार जताया है।

लोकसभा चुनाव प्रभारी ने जताया आभार, कार्यालय में मनाया जीत का जश्न

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी औम प्रकाश धनखड़ ने जीत के बाद दिल्ली के मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने एक बार फिर देश को मजबूत बनाने के लिए मोदी के सशक्त नेतृत्व में आस्था प्रकट की है। वहीं, दिन रात मेहनत करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए सभी को बधाई दी। प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा के उत्साही कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और मिठाई बांटी। इस दौरान यहां कार्यकर्ताओं ने कमल के फूल के शेप की काजू एवं पिस्ते की बर्फी वितरित की।

भाजपा के पक्ष में अतिरिक्त वोट गिने गए : सोमनाथ भारती

नई दिल्ली। लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार सोमनाथ भारती ने मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के पक्ष में अतिरिक्त वोट गिने जाने की शिकायत की और निर्वाचन आयोग से नतीजों की घोषणा रोकने का अनुरोध किया। भारती ने 'एक्स' पर आरोप लगाया कि वीवीपैट की पांच प्रतिशत पर्चियों के अनिवार्य मिलान के दौरान बूथ संख्या 41, एसी-43 के मतों और पर्चियों में विसंगति देखी गई और भाजपा के पक्ष में अधिक मत गिने गए। उन्होंने कहा, इसलिए मैंने एआरओ आर एस मीणा के माध्यम से आरओ के समक्ष एक लिखित आवेदन दायर किया है और मेरे आवेदन पर निर्णय होने तक परिणाम की घोषणा को रोकने की मांग की है।

दिल्ली सरकार के तीनों प्रमुख मंत्री अपनी विधानसभा तक नहीं बचा पाये : भाजपा

दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दिल्ली वालों ने ना सिर्फ भाजपा को जिताया है बल्कि आम आदमी पार्टी के सभी प्रमुख मंत्रियों एवं चेहरों आतिशी, सौरभ भारद्वाज एवं कैलाश गहलोत को उनके विधानसभा क्षेत्रों में हरा कर अरविंद केजरीवाल सरकार का इस्तीफा मांगा है।

HONDA

Happy 1st Shineversary

धन्यवाद दिल्ली

Shine 100

Best Commuter Bike 2024 — Motor Vikatan
Value for Money Bike of the Year 2024 — ABP Live
Budget Motorcycle of the Year — Zee Media | DNA Auto
Commuter Bike of the Year Award 2024 — CarBike360
Entry Motorcycle of the Year 2024 — Acko Drive
Bike of the Year (up to 130cc) — BBC TopGear Magazine India

वीडियो का आनंद लेने के लिये, कृपया QR Code को स्कैन करें।

BOOK ONLINE NOW! www.honda2wheelersindia.com

अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें

CLICK BOOK RELAX Honda 2Wheelers

डाउन पेमेंट 1999* | न्यूनतम EMI ₹1999* | न्यूनतम ब्याज दर @ 9.99%* | बिना हाइपोथिकेशन*

इंस्टेंट 5% का कैशबैक ₹3000* तक HDFC BANK

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

*नियम एवं शर्तें लागू। तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं है।

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI: Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-29963627/28, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 955500730; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999736767; (Naraina) - 9310059001; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (III Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Sharti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com

गुर्जर ने लगाई इस सीट पर हैट्रिक

वहथीन सीट पर कांग्रेस के महेंद्र प्रताप सिंह ने 104616 मत हासिल किए तथा कृष्णपाल गुर्जर से 51 हजार 724 मतों के भारी अंतर से बढ़त बनाई। महेंद्र प्रताप सिंह भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर पर 7280 मतों से ही बढ़त बना पाए। शहरी सीट बड़खल 35166, फरीदाबाद विधानसभा सीट से 35790, तिगांव विधानसभा सीट से 52900 मतों के अंतर से बढ़त बनाई, तो बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र 45 हजार से भी अधिक मतों के अंतर से बढ़त बनाई। फरीदाबाद से समर में उतरे बसपा प्रत्याशी किशन ठाकुर, इनेलो प्रत्याशी सुनील तेवतिया व जजपा प्रत्याशी नलिन हुड्डा ठीक से अपनी उपस्थिति भी दर्ज नहीं करवा पाए तथा जमानत गंवा बैठे। इसी तरह गजियाबाद लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने अपना कब्जा बरकरार रखा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग ने इस सीट पर जीत हासिल की ।

गुर्जर की जीत पर विधायक नागर ने अपने क्षेत्र में बांटे लड्डू

तिगांव की जनता ने एक बार फिर बेटा-भाई समझकर मेरा मान बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

लोकसभा क्षेत्र फरीदाबाद से भाजपा के उम्मीदवार कृष्ण पाल गुर्जर की जीत पर तिगांव के विधायक राजेश नागर ने समर्थनों के बीच लड्डू बांटे और ढोल नगाड़ों की थाप पर खूब नाचे।

विधायक नागर ने जनता से कहा कि आपने मेरा मान सम्मान एक बार फिर बढ़ाया। मैं आपका कर्ज ताउम्र नहीं चुका पाऊंगा। नागर ने कहा कि मैं आपके बीच आपका बेटा, भाई हमेशा की तरह बना रहूंगा। आप सभी लोगों के प्रति मैं आभार जताता हूं। आपको बता दें कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सर्वाधिक मतों से जीते हैं। उन्हें तिगांव विधानसभा क्षेत्र में 52000 से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की है। वहीं लोकसभा क्षेत्र में गुर्जर ने अपने निकटतम कांग्रेस प्रतिनिधि से 1 लाख 80 हजार अधिक मत प्राप्त किया। गुर्जर की जीत की

घोषणा के साथ ही विधायक राजेश नागर के घर पर समर्थकों का तांता लग गया और सभी एक दूसरे को बधाई देने पहुंचने लगे। इस अवसर पर ढोल बाजे के साथ लड्डू बांटे गए। विधायक राजेश नागर ने कहा कि आपने मुझे पिछली बार मेरे विधानसभा चुनाव में भी प्रदेश में सर्वाधिक मतों के साथ मुझे विधानसभा पहुंचाया था। वहीं पिछले लोकसभा चुनाव में भी आपने सर्वाधिक मतों के साथ भाजपा प्रत्याशी कृष्ण पाल गुर्जर को जिताया था। आपने इस बार भी मेरा मान सम्मान रखा है। इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। श्री नागर ने कहा कि 5 महीने के अंदर विधानसभा का चुनाव है। आप अपना प्रेम इसी प्रकार बनाए रखें। मैं आपके सुख-दुख में पहले की तरह साथी बना रहूंगा।

राजेश नागर ने कहा कि यह जीत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत है। उनके नाम और विकास पर जनता ने हमारे प्रत्याशियों को विजय श्री प्राप्त कराई है। वहीं फरीदाबाद का विकास आगे आने वाले क्षेत्र में और तेज गति के साथ पड़ेगा और मोदी जी देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र के सपने को पूर्ण करने के लिए अपना नेतृत्व भारत को प्रदान करेंगे।

वृंदावन जा रहे यात्रियों की बस डिवाइडर से टकराई

दिल्ली। मेरठ एक्सप्रेस-वे पर भोजपुर थाना क्षेत्र में अनियंत्रित बस डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बस में सवार 20 यात्री घायल हो गए। सभी महाराष्ट्र के नासिक के रहने वाले हैं। 13 मई को चार धाम की यात्रा पर निकले थे। केदारनाथ के बाद हरिद्वार गए थे। सोमवार रात को हरिद्वार से वृंदावन के लिए निकले। रास्ते में दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर बस डिवाइडर से टकराई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को मोदीनगर सीएचसी में भर्ती कराया। कई यात्रियों को फ्रेक्चर है। सभी नासिक के शिरडी व अमन नगर के रहने वाले हैं।

स्विमिंग पूल में डूबने से 6 साल की बच्ची की मौत

गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन की ब्रेव हार्ट सोसाइटी के स्विमिंग पूल में डूबने से छह साल की मासूम बच्ची खुशबू की मौत हो गई। घटना सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे की है। पुलिस का कहना है कि उन्हें रात करीब सवा आठ बजे घटना की सूचना मिली। हादसा उसे समय हुआ जब बच्ची अकेले ही स्विमिंग पूल में तैरने के लिए आ गई। पुलिस के मुताबिक सिद्धार्थ नगर के मूल निवासी प्रापर्टी डीलर साहिबान अली बीते करीब पांच साल से राजनगर एक्सटेंशन की ब्रेव हार्ट सोसायटी में पत्नी और जुड़वा बेटियों छह वर्षीय खुबशू अली और महक अली के साथ रहते हैं।

कृष्णपाल गुर्जर ने जीत दर्ज की

फरीदाबाद में फिर खिला कमल

फरीदाबाद लोकसभा सीट-10 पर फिर से कमल खिल गया। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के महेंद्र प्रताप सिंह को 1 लाख 80 हजार 378 मतों के अंतर से पराजित किया। कृष्णपाल गुर्जर ने इस बार चुनाव जीतकर जीत की हैट्रिक लगा दी है। कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप के अलावा अन्य सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त।

मतगणना भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच करवाई गई। एनआईटी 86 विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने 1 लाख 9 हजार 16 मत हासिल किए ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद लोकसभा सीट 10 पर फिर से कमल खिल गया। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के महेंद्र प्रताप सिंह को 1 लाख 80 हजार 378 मतों के अंतर से पराजित किया।

इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एनआईटी, बड़खल, फरीदाबाद, तिगांव, पलवल में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर जहां महेंद्र प्रताप सिंह पर भारी नजर आए वहीं महेंद्र प्रताप सिंह केवल मेव बाहुल्य विधानसभा क्षेत्र हथीन में ही 51724 मतों से कृष्णपाल गुर्जर से आगे रहे। जबकि जाट लैंड पृथला व होडल विधानसभा सीट पर भी कृष्णपाल गुर्जर व महेंद्र प्रताप सिंह के बीच कांटे का मुकाबला रहा। कृष्णपाल गुर्जर ने इस बार लोकसभा चुनाव जीतकर जीत की हैट्रिक लगा दी है। इस लोकसभा सीट पर महेन्द्र प्रताप सिंह के अलावा अन्य सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई। जबकि कई प्रत्याशी तो नोटा से भी कम वोट ले पाए। कृष्णपाल गुर्जर की जीत पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जश्न मना रहे है। गौरतलब है कि लोकतंत्र के महापर्व के छठे चरण के तहत फरीदाबाद लोकसभा सीट पर विगत 25 मई को मतदान करवाया गया था। दोनों ही प्रत्याशी मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद हार-जीत के दावे लगाते रहे थे। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर जहां एक ओर तीन से चार लाख वोटों से बड़ी जीत का दावा कर रहे थे। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह डेढ़ से दो लाख वोटों के अंतर से जीत का दावा कर रहे थे। आज प्रातः ठीक आठ बजे मतगणना प्रक्रिया शुरू हो गई। मतगणना प्रत्याशी भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच करवाई गई। एनआईटी 86 विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने 1 लाख 9 हजार 16 मत हासिल किए तथा कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह से 42520 मतों से आगे रहे। वहीं पलवल विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने 94809 मत हासिल किए तथा महेन्द्र प्रताप सिंह से 24944 मतों से आगे रहे। होडल विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह ने 62364 मत हासिल किए तथा भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर से 566 मतों के मामूली अन्तर से आगे रहे।

जहां तक बात की जाए मेव बाहुल्य सीट हथीन की, तो इस सीट पर कांग्रेस के महेन्द्र प्रताप सिंह ने 104616 मत हासिल किए तथा कृष्णपाल गुर्जर से 51 हजार 724 मतों के भारी अंतर से बढ़त बनाई। इसके अलावा महेंद्र प्रताप सिंह भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर पर 7280 मतों से ही बढ़त बना पाए। शहरी सीट बड़खल 35166, फरीदाबाद विधानसभा सीट से 35790, तिगांव विधानसभा सीट से 52900 मतों के अन्तर से बढ़त बनाई, तो बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र 45 हजार से भी अधिक मतों के अंतर से बढ़त बनाई। फरीदाबाद से समर में उतरे बसपा प्रत्याशी किशन ठाकुर, इनेलो प्रत्याशी सुनील तेवतिया व जजपा प्रत्याशी नलिन हुड्डा ठीक से अपनी उपस्थिति भी दर्ज नहीं करवा पाए तथा जमानत गंवा बैठे।

राव इंद्रजीत ने जीत का श्रेय समर्थकों को दिया

नरेन्द्र वत्सः रेवाड़ी। एक लाख से भी कम मतों से जीत ने अहीरवाल के दिग्गज नेता राव इंद्रजीत सिंह का पारा गर्म कर दिया। उन्होंने एक ओर जहां प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया, तो दूसरी ओर जीत का श्रेय सिर्फ अपने समर्थकों को ही दिया। कम मार्जिन से मिली जीत के बावजूद राव ने आने वाले विधानसभा चुनावों में प्रदेश के सीएम पद की दावेदारी ठोकने के खुले संकेत दे दिए।

जीत के बाद अपने निवास पर समर्थकों के बीच अपने निवास पर पहुंचे राव इंद्रजीत सिंह इशारों-इशारों में बहुत कुछ बोल गए। उन्होंने कहा कि दोपहर तक चुनाव परिणाम ने उनका खून सुखा दिया था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहरी क्षेत्रों में उनकी मदद जरूर की, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अपने समर्थकों की बदौलत वह जीत दर्ज कर पाए हैं। उन्होंने चुनावों के दौरान प्रदेश सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में बिजली सरप्लस होने के बावजूद गुरूग्राम में जमकर पावर कट लगाए गए। लोग चुनावों के दौरान सीवर और पानी जैसी समस्याओं का सामना करते रहे। उन्होंने सवाल उठाया कि यह सब गुरूग्राम में ही क्यों हुआ। आने वाले समय में इसका जवाब जरूर मांगा जाएगा। उन्हें संकेत दिया कि मतदाताओं को नाराज करने के लिए जानबूझकर ऐसा किया गया। राव ने कहा कि लोकसभा चुनावों में दो दल ही आमने-सामने थे, जबकि विधानसभा चुनावों में चार दलों के बीच चुनावी जंग होगी। प्रदेश के सीएम का फैसला दक्षिणी हरियाणा की जनता करेगी। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी, पटौदी और बावल जैसे हलकों में कम मार्जिन से मिली जीत से काम नहीं चलेगा। लोगों को संगठित होकर लड़ना होगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बार-बार उन्हें भावी सीएम कहते हुए जमकर नारेबाजी की।

धर्मबीर को जिताने का क्रेडिट ले गए

राव ने अपनी बेटी आरती राव को हर हाल में चुनाव लड़ाने का दावा करते हुए कहा कि गुरूग्राम से लेकर नांगल चौधरी तक उनका बड़ा जनाधार है। धर्मबीर भिवानी में अपने इलाके में मात खा गए, लेकिन उनके समर्थकों ने धर्मबीर को अहीरवाल के सभी हलकों में जिता दिया। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को एक बार फिर से विधानसभा चुनावों के लिए संगठित होने का संदेश देते हुए कहा कि लोकसभा चुनावों में जो लोग नाराज रहे हैं, उन्हें भी मनाया जाएगा।

गाजियाबाद लोकसभा सीट

भाजपा के अतुल गर्ग 336337 मतों से जीते कांग्रेस प्रत्याशी दूसरे व बसपा तीसरे नंबर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

देश की अतिमहत्वपूर्ण सीटों में से एक गजियाबाद लोकसभा सीट सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने अपना कब्जा बरकरार रखा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग ने इस सीट पर जीत हासिल की और कांग्रेस सपा गठबंधन की प्रत्याशी डोली शर्मा को 3 लाख 36 हजार 337 मतों से पराजित किया। उन्हें कुल 8 लाख 53 हजार 36 मत प्राप्त हुए। कांग्रेस प्रत्याशी डोली शर्मा को 5 लाख 16 हजार 699 मत मिले और वह दूसरे नंबर पर रही। जबकि 79 हजार 387 मत प्राप्त कर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर तीसरे नंबर पर रहे। जिलाधिकारी इंदर विक्रम सिंह ने उन्हें जीत का सर्टिफिकेट सौंपा।

गाजियाबाद लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी की यह लगातार चौथी जीत है 2019 और 14 के चुनाव में यहां से जनरल वीके सिंह ने जीत हासिल की थी और दोनों ही बार वह राज्य मंत्री बनाए गए थे लेकिन इस लोकसभा चुनाव में पार्टी हाई कमान में उनका टिकट काटकर उत्तर प्रदेश में राज्य मंत्री रहे वनगर विधायक अतुल गर्ग को भाजपा का प्रत्याशी बनाया और और उन्होंने सफलता हासिल की। इससे पहले 2009 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने इस सीट पर विजयश्री हासिल की थी जब के 2005 के चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी सुरेंद्र प्रकाश गोयल ने भाजपा प्रत्याशी रमेश चंद तमोर को पराजित किया था रमेश चंद्र तोमर इससे पहले लगातार चार बार सांसद चुने गए थे।

इससे पहले गोविंदपुरम स्थित कृषि उत्पादन मंडी परिसर में मतगणना सुबह आठ बजे कड़े सुरक्षा बन्दोबस्त के बीच शुरू हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह विधानसभा वार पांचों विधानसभाओं के प्रेक्षकों एवं भाजपा, गठबंधन प्रत्याशी एजेंटों सहित अन्य प्रत्याशियों और उनके एजेंटों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम खोले गये और निर्धारित समय पर शुरू हुई। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग, कांग्रेस सपा गठबंधन प्रत्याशी डोली शर्मा, बसपा प्रत्याशी नंद किशोर पुंडीर समेत सभी प्रत्याशी अपने एजेंटों के साथ समय पर मतगणना स्थल पर पहुंच गए थे ।

गाजियाबाद लोक सभा में कुल 14 प्रत्याशी मैदान में थे। प्रमुख प्रत्याशियों में भाजपा के अतुल गर्ग, कांग्रेस व सपा गठबंधन की डोली शर्मा व बहुजन समाज पार्टी के नंद किशोर पुंडीर प्रमुख प्रत्याशी थे। जिनके भाग्य का फैसला आज होना है। 26 अप्रैल को हुए मतदान में गाजियाबाद में करीब 14 लाख 68 हजार 710 मत पड़े थे ।

पुलिसकर्मी बनकर दंपति को अगवा कर ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के मैनापुर गांव में पुलिस बनकर आए कार सवार लोग दंपती को अगवा करके ले गए। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने केस दर्ज कर दंपती की तलाश शुरू कर दी। अधिकारियों का कहना है कि युवक ने समुदाय विशेष की युवती से प्रेम विवाह किया था। युवती के रिश्तेदार पुलिस बनकर दोनों को कार में डालकर ले गए थे।

युवक को मेरठ में कार से उतारकर आरोपी युवती को साथ ले गए, उसकी तलाश की जा रही है। सूरज पाल का कहना है कि बीती रात करीब नौ बजे वह 22 वर्षीय बेटे करन तथा 20 वर्षीय बहू हंशिका उर्फ हीना के साथ घर में बैठे हुए थे। उसी दौरान घर से करीब 50 मीटर दूर एक गाड़ी आकर रूकी। उसमें से चार व्यक्ति उतरे और खुद को पुलिसवाला बताते हुए उनके बेटे-बहू को साथ चलने को कहा। विरोध करने पर आरोपी जबरन उनके बेटे और बहू को अपनी गाड़ी में ले गए।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **उमेद, पुत्रः** श्री महावीर सिंह, **पताः** मकान नं. 1407/96, गणेशपुरा, दिल्ली ने मुकदमा **Reg. No. 1144/21, FIR No. 414/19, U/s 283/290 IPC, थानाः केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **उमेद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **उमेद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **Reg. No. 1144/21, FIR No. 414/19, U/s 283/290 IPC, थानाः केशव पुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **उमेद** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
महानगर दंडाधिकारी, उत्तर–पश्चिम
कमरा नंबर 112, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6766/NW/2024
(Court Matter)

पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 40–45 साल, **कदः** 5'6'', **लिंगः** पुरूष, **रंगः** गोरा, **पहनावाः** हल्के हरे रंग का लोअर और भूरे रंग की शर्ट, **बरामदी स्थलः** प्लेटफार्म नं. 1 ओखला रेलवे स्टेशन।

मृतक के शव को पहचान के लिए सफदरजंग अस्पताल दिल्ली की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **FIR/DD No. 40 A दिनांकः 30.05.2024 पुलिस स्टेशनः हज़रत निज़ामुद्दीन, रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः हज़रत निज़ामुद्दीन,
रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फ़ोनः 8700656821

DP/6671/Rly/2024

गिरिराज सिंह की बड़ी जीत

केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी अमेठी सीट पर कांग्रेस के केएल शर्मा से बड़े अंतर से हार गई हैं। स्मृति ईरानी अपना बूथ भी चुनाव में हार गई है। वहीं यूपी में मुलायम सिंह यादव परिवार के पांचों प्रत्याशी चुनाव जीत गए हैं। इसी तरह बिहार में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती पाटलिपुत्र में भाजपा के दिग्गज प्रत्याशी रामकृपाल यादव को हरा दिया है। हालांकि उनकी दूसरी बेटी रोहिणी आचार्य को हार का सामना करना पड़ा है। निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव की भी जीत हुई है। वहीं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अर्धांगिनी कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल कर ली है, उन्होंने भाजपा के प्रत्याशी दिलीप वर्मा के 26483 वोटों से हराया है। ये सीट इसलिए भी खास थी, क्योंकि इससे कल्पना सोरेन ने अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की है।

लालू की एक बेटी को जीत तो दूसरी को मिली हार, एनडीए 30 व गठबंधन 9 पर जीता

कटिहार, सासाराम, किशनगंज, सासाराम में कांग्रेस प्रत्याशियों को जीत

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार की 40 सीट में 30 सीट पर एनडीए प्रत्याशी जीत गए। नौ सीट पर राजद, कांग्रेस और सीपीआईएमएलएल प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव की जीत हुई है। उन्होंने जदयू के संतोष कुशवाहा को हरा दिया। वहीं राजद सुप्रीमो लालू प्रसद की बेटी मीसा भारती ने पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से भाजपा के दिग्गज नेता रामकृपाल यादव को हरा दिया। हालांकि उनकी दूसरी बेटी रोहिणी आचार्य को हार का सामना करना पड़ा। राजीव प्रताप रुडी को इस सीट से जीत मिली है। वहीं कटिहार, किशनगंज, सासाराम में कांग्रेस प्रत्याशियों को जीत मिली है।

भाजपा के गिरिराज सिंह व पूर्णिया से पप्पू यादव जीते

बेगूसराय लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी गिरिराज सिंह की जीत हुई है। आधिकारिक घोषणा बाकी है। औरंगाबाद मतगणना के 41वें राउंड की अधिकारिक घोषणा हो गई है। अभय कुशवाहा को अबतक 380432 वोट और सुशील सिंह को 307655 वोट मिले हैं। वहीं पूर्णिया लोकसभा सीट से पप्पू यादव जीत चुके हैं।

कल्पना सोरेन ने जीता गांडेय का रण

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अर्धांगिनी कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल कर ली है, उन्होंने भाजपा के प्रत्याशी दिलीप वर्मा के 26483 वोटों से हराया है। यह उपचुनाव ऐसा था जिसपर कई लोगों की आंखें टिकी हुई थी और ये सीट इसलिए भी खास थी, क्योंकि इससे कल्पना सोरेन ने अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की है। कल्पना सोरेन ने चुनाव प्रचार के लिए दिन रात एक कर दिया था और वह जमकर प्रचार में शामिल हुई थी। कुल 24 राउंड की गिनती हुई जिसमें कल्पना सोरेन ने शानदार तरीके से जीत का परचम लहराया।

अयोध्या हार गई भाजपा

स्मृति हारीं, मोदी, राहुल, राजनाथ जीते

यूपी में इस बार लोकसभा के चुनाव के परिणाम अप्रत्याशित रहे। जहां भाजपा 80 सीटों में से सभी 80 सीटें जीतने का दावा कर रही थी वहीं यहां पर भाजपा आधे आंकड़े के आस पास आ कर रुक गई। यूपी में पांच केंद्रीय मंत्री भी चुनाव हार गए हैं।

अनिल के. अंकुर/ टीएन मिश्रा एजेंसी ▶▶| लखनऊ

यूपी में इस बार लोकसभा के चुनाव के परिणाम अप्रत्याशित रहे। जहां भाजपा 80 सीटों में से सभी 80 सीटें जीतने का दावा कर रही थी वहीं यहां पर भाजपा आधे आंकड़े के आस पास आ कर रुक गई। यूपी में पांच केंद्रीय मंत्री भी चुनाव हार गए हैं।

राम मंदिर अयोध्या में तो बन गया लेकिन वहां की फैजाबाद सीट से भाजपा उम्मीदवार लल्लू सिंह को सपा प्रत्याशी से हार का सामना करना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनारस से और राहुल गांधी रायबरेली से ऐतिहासिक मतांतर से जीत गए। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी भी अमेठी सीट पर कांग्रेस के केएल शर्मा से बड़े अंतर से हार गई हैं। स्मृति ईरानी अपना बूथ भी चुनाव में हार गई है।

मुलायम परिवार के पांचों प्रत्याशी लोकसभा चुनाव जीते

- अक्षय यादव फिरोजाबाद से जीते
- आदित्य यादव बदायूं से जीते
- अखिलेश यादव कन्नौज से जीते
- डिंपल यादव मैनपुरी से चुनाव जीतीं
- धर्मेंद्र यादव आजमगढ़ से चुनाव जीते

अरुण गोविल की बच गई साख

लोकसभा चुनाव के परिणामों को लेकर एक्जिट पोल के सारे दावे चुनाव रिजल्ट के आगे गलत साबित हुए। अमेठी के बाद अयोध्या में भाजपा प्रत्याश की हार से कई सवाल उठ रहे हैं। जब कि भीम आर्मी प्रमुख चंद्र शेखर नगीना से और रामायण सीरियल में भगवान राम का किरदार निभा चुके अरुण गोविल मेरठ से अपनी साख बचाने में सफल रहे हैं।

इन मंत्रियों ने गंवाई अपनी सीटें

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी लखीमीपुर खीरी से, शहरी आवास केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय चंदौली सीट से हार गए हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी भी इस बार जनता की गुस्से का शिकार हुईं। सुलतानपुर से मेनका गांधी भाजपा की टिकट पर चुनाव हार गई हैं।

इन चर्चित चेहरों के चेहरे खिले

मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी गाजीपुर से सपा की टिकट पर चुनाव जीत गए। आजमगढ़ से भाजपा उम्मीदवार दिनेश यादव निरहुआ सपा के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने शिकस्त दी। गोरखपुर से भाजपा के भोजपुरी फिल्म स्टार रवि किशन जीत गए हैं। अखिलेश यादव, उनकी पत्नी डिंपल, केएल शर्मा, पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा सपा की टिकट पर और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल चुनाव जीत गए हैं।

जीते

लखनऊ से केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

■ इस बार जीत का अंतर कम

केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की जीत का अंतर पिछली बार की तुलना में काफी कम हो गया।

जीतीं

मैनपुरी से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव

■ मैनपुरी सीट पर कब्जा बरकरार

सबसे बड़ी हॉट सीट माने जाने वाली मैनपुरी में एक बार फिर कमल का फूल नहीं खिल सका।इस बार डिंपल यादव ने ये सीट जीतकर फिर इतिहास रच दिया।

जीते

भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर ने दर्ज की बड़ी जीत

■ चुनाव से पूर्व सपा के साथ गठबंधन की कोशिश

आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष और भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर ने नगीना लोकसभा सीट जीत ली है।

जीतीं

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की जीत

■ तीसरी बार बनीं सांसद, रचा अनोखा इतिहास

मिर्जापुर सीट से लगातार तीन बार किसी ने जीत दर्ज नहीं किया था। अनुप्रिया पटेल ने मत ताकर सपा के रमेश बिंद को मतो से हराकर जिले की लगातार तीसरी बार सांसद बनी।

हारीं

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी से हार गईं

■ 2019 में राहुल गांधी को हराया था

अमेठी से किशोरी लाल ने स्मृति ईरानी के खिलाफ एक लाख 67 हजार 196 वोटों से जीत दर्ज की ।

हारे

रायबरेली से भाजपा उम्मीदवार दिनेश सिंह

■ कांग्रेस का गढ़ रायबरेली में सिंह ने हार मानी

कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाली रायबरेली सीट पर चल रही मतगणना के बीच भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह ने हथियार डाल दिए हैं। रुझानों के बाद उन्होंने अपनी हार मान ली है।

हारीं

पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी सुल्तानपुर से हारीं

■ सुल्तानपुर में मेनका गांधी को दिया झटका

जनता ने मेनका गांधी को एक बार फिर करारा झटका दिया है। अपने राजनीतिक जीवन में केवल तीन बार हारने वाली मेनका को सुल्तानपुर जिले से दो बार हारना पड़ा है।

हारे

चंदौली सीट से भाजपा के महेंद्र नाथ पांडेय की हार

■ पाण्डेय को 2019 में मिली थी जीत 2019 के चुनाव में चंदौली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डा महेंद्र नाथ पांडेय को जीत मिली थी, लेकिन इस पास पासा पलट गया है और बाजी सपा के खाते में चली गई है।

पेज एक का शेष

हेमा की हैट्रिक...

जाने वाली हेमामालिनी लगातार तीसरी बार मथुरा लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरी हैं। वह 2004 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुई थीं। फिर वे राज्य सभा की भी सदस्य बनीं। रामानंद सागर की 'रामायण' में भगवान राम निभाकर घर-घर में लोकप्रियता हासिल करने वाले अरुण गोविल ने जीत हासिल की। गोरखपुर से भाजपा प्रत्याशी रवि किशन ने दोबारा बाजी मारी। भोजपुरी एक्टर मनोज तिवारी उत्तरपूर्वी दिल्ली से चुनाव जीत गए।

टीएससी सांसद महुआ का जादू बरकरार: पश्चिम बंगाल में जहां एग्जिट पोल में भाजपा को बंपर फायदे की बात सामने आई थी। कृष्णानगर सीट पर महुआ मोइत्रा का जादू बरकरार रहा। उन्होंने आसान जीत हासिल कर ली है। वो भाजपा की रानी मां अमृता राय पर भारी रही। अमृता राय राजा कृष्णचंद्र राय के परिवार से ताल्लुक रखती हैं, जिनके नाम से शहर का नाम कृष्णानगर पड़ा था। मोइत्रा ने भाजपा प्रत्याशी अमृता राय को हरा दिया है। महुआ को 57 हजार से ज्यादा वोट मिले।

आशीर्वाद व विश्वास...

ज्यादा मतों से जीता है। अपनी जीत को हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता कि जीत बताते हुए उन्होंने कहा कि कि भावुक, हर्षित और गर्वित महसूस कर रहा हूं। मेरे ऊपर लगातार 5 वीं बार विश्वास जताने, मुझे इतना स्नेह, आशीर्वाद और समर्थन देने व ऐतिहासिक विजय के लिए मेरे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की देवतुल्य जनता का मैं हृदय की गहराइयों से आभार प्रकट करता हूं। मुझे गर्व है कि पीएम मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह व भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जो मुझ पर विश्वास जताया, मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता ने उस विश्वास की डोर को और मज़बूत किया है। यह जीत मेरे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता व सभी पार्टी कार्यकर्ताओं की जीत है।

मध्यप्रदेश में भाजपा ...

मिले, जबकि कांग्रेस के यादवेंद्र सिंह यादव को 382373 मत मिले। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 512158 मतों से जीत दर्ज कर इतिहास बनाया।

मेंटेनेंस क्रेन की खराबी से 37 उड़ानों पर लगा ग्रहण, 12 विमान किए गए डायवर्ट, 25 उड़ानें हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लखनऊ

एयरपोर्ट पर मेंटेनेंस कार्य में लगी 400 टन की अत्याधुनिक क्रेन खराब हो गई

राजधानी के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 37 उड़ानों पर ग्रहण लग गया है। मंगलवार को मेंटीनेंस क्रेन में खराबी से जिससे लखनऊ आने और जाने वाली 27 उड़ानों को रद कर दिया गया है। जिससे नाराज यात्रियों ने एयरपोर्ट पर घंटों हंगामा किया। वहीं क्रेन ठीक करने के लिए कोलकाता से स्पेशल विमान से इंजीनियर बुलाए गए हैं। एयरपोर्ट पर मेंटेनेंस कार्य में लगी 400 टन की अत्याधुनिक क्रेन खराब हो गई। उसका ऊपरी हिस्सा काफी ऊपर उठा हुआ है। विमानों की सुरक्षा के मद्देनजर एटीसी ने सिग्नल देने से इनकार कर दिया। इसके बाद 12 उड़ानों को डायवर्ट कर दी गईं। अफसरों का कहना है कि जल्द ही इंजीनियर और मैकेनिक आने पर क्रेन को सही करके संचालन शुरू किया जाएगा। लखनऊ एयरपोर्ट पर सुबह से विमान के संचालन पर रोक लगने के कारण बड़ी संख्या में यात्रियों ने हंगामा कर नाराजगी जाहिर की। एयरपोर्ट प्रशासन का कहना है कि रनवे की मेंटेनेंस की वजह से रात 10:00 बजे से सुबह 6:00 तक उड़ानों को रोका गया था। जिसकी जानकारी पूर्व में ही सभी एयरलाइंस को दे दी गई थी। लखनऊ एयरपोर्ट से अहमदाबाद, मस्कट, दिल्ली, मुंबई, दुबई, नागपुर, अमृतसर, दिल्ली, रायपुर, रियाद, गुवाहाटी जाने वाली सभी उड़ानें फिलहाल शाम तक रद कर दी गई हैं।

12 उड़ानें की गई डायवर्ट

पुणे से लखनऊ आने वाले इंडिगो के विमान को वाराणसी, मस्कट से लखनऊ आने वाले विमान को दिल्ली, सऊदी से आने वाले विमान को दिल्ली, दिल्ली इंडियन एक्सप्रेस के दम्माम से लखनऊ आने वाले विमान को दिल्ली एयर इंडिया एक्सप्रेस के दिल्ली से लखनऊ आने वाले विमान को दोबारा दिल्ली, मुंबई से लखनऊ आने वाले विमान को वाराणसी, कोलकाता से लखनऊ आने वाले विमान को वाराणसी, शारजाह से लखनऊ आने वाले विमान को दिल्ली, सऊदी से लखनऊ आने वाले विमान को दिल्ली, रियाद से लखनऊ आने वाले विमान को दिल्ली एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया है।

हिमाचल और नागपुर में भाजपा का जश्न

हैदराबाद में टीडीपी कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

बीरभूमि में टीएमसी समर्थक

'इंडिया' के झूठ का कुछ हद तक असरः साय

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

रायपुर। लोस चुनाव की मतगणना में कुछ राज्यों में भाजपा को झटका लगने के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि ऐसा लगता है कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के झूठ ने कुछ हद तक असर किया है। मतगणना अभी जारी है और राजग स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाएगा।

कोंकण में कमल खिल गया : नारायण राणे

केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता नारायण राणे

सिंधुदुर्ग (महाराष्ट्र)(भाषा)। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा उम्मीदवार नारायण राणे ने मंगलवार को कहा कि ₹कोंकण में आखिरकार कमल खिल गया है।'' राणे ने महाराष्ट्र की रत्नागिरि-सिंधुदुर्ग लोस सीट पर 58 हजार से अधिक मतों से बढ़त बना ली है। भाजपा ने कोंकण में कभी कोई सीट नहीं जीती है।

लोगों ने एक बार भाजपा को दिया जनादेशः बिंदल

हिमाचल भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल

शिमला। हिमाचल प्रदेश की सभी चार लोकसभा सीट पर भाजपा के आगे रहने के बीच प्रदेश पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने मंगलवार को कहा कि लोगों ने एक बार फिर उनकी पार्टी को जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की 'बड़ी हार' है।

राजग सरकार बनने जा रहीः सीपी जोशी

राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सी.पी. जोशी

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे लेकिन मतगणना के रुझान स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने जा रही है।

मुफ्ती ने लोकसभा सीट पर हार मान ली

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती

पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने भी अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर अपनी हार मान ली। मुफ्ती ने 'एक्स' पर पोस्ट किया जनादेश का सम्मान करते हुए मैं पीडीपी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को इतनी विषम परिस्थितियों के बावजूद उनके कठिन परिश्रम एवं समर्थन को लेकर बधाई देती हूं।

तेलुगू देशम पार्टी के अध्यक्ष जबरदस्त जीत के बाद अब 2021 में ली शपथ पूरी करते दिख रहे

चुनावी हार, गिरफ्तारी के बाद चमके बाबू अब आंध्र विधानसभा में रखेंगे कदम!

भाषा ▶▶ अमरावती

पिछले साल सितंबर में नायडू को स्किल डेवलेपमेंट घोटाले में सीआईडी ने गिरफ्तार किया था। लगभग दो महीने केंद्रीय जेल में बिताए। इसके बाद उन्होंने खुद को फिर से राजनीतिक रूप से साबित किया है। तेदेपा ने लोस चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया है।

अपने से कम उम्र के जगन मोहन रेड्डी से निराशाजनक हार मिलने के पांच साल बाद तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू अपनी पार्टी को आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में जबरदस्त जीत की ओर ले जाते दिख रहे हैं। राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनसेना पार्टी भी उनके साथ गठबंधन में हैं। तेदेपा की जीत के साथ नायडू मुख्यमंत्री के रूप में सदन में वापस आने की 2021 में ली गई अपनी शपथ पूरी करते दिख रहे हैं।

वर्ष 2021 में परिवार के सदस्य के खिलाफ टिप्पणी के विरोध में नायडू ने विधानसभा से बहिर्गमन किया था और कहा कि वह मुख्यमंत्री बनने के बाद ही सदन में लौटेंगे। मतगणना के ताजा आंकड़ों के अनुसार तेदेपा 175 सदस्यीय विधानसभा में 10 सीट पर जीत हासिल कर चुकी है और 123 पर आगे है, वहीं उसकी सहयोगी भाजपा एक सीट पर जीत दर्ज कर चुकी है जबकि छह पर आगे है और जनसेना पार्टी दो सीट जीत चुकी है व 19 सीट पर आगे चल रही है। निवर्तमान विधानसभा में तेदेपा के 23 सदस्य हैं। पिछले साल सितंबर में नायडू को स्किल डेवलेपमेंट घोटाले में राज्य की सीआईडी ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्होंने खुद को फिर से राजनीतिक रूप से साबित किया है। 9 सितंबर को तड़के गिरफ्तार किए गए नायडू ने लगभग दो महीने जेल में बिताए। तेदेपा ने लोस चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया है पार्टी 25 में से 16 सीट पर आगे है, वहीं उसकी सहयोगी भाजपा और जनसेना पार्टी क्रमशः 3 और दो सीट पर आगे हैं। आंध्र प्रदेश में अलग अलग समय पर 13 वर्ष तक मुख्यमंत्री रहने के दौरान कई कीर्तिमान रच चुके नायडू को आईटी क्षेत्र में अपने राज्य को अग्रणी स्थान पर ले जाने का श्रेय दिया जाता है।



सियासी सफर

नायडू का सियासी सफर 1970 के दशक में शुरू हुआ और परास्नातक की पढ़ाई के दौरान वह श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय में छात्र संघ के नेता निर्वाचित हुए। इसके बाद वह युवा कांग्रेस में शामिल हो गए और फिर आंध्र प्रदेश की क्षेत्रीय पार्टी तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) में चले गए। उन्होंने फिल्म अभिनेता और पार्टी संस्थापक एनटी रामा राव की पुत्री भुवनेश्वरी से विवाह किया। नायडू पहली बार 1978 में आंध्र प्रदेश विधान सभा के लिए निर्वाचित हुए और मंत्री के रूप में कार्य किया। वर्ष 1995 में, वह अपने ससुर एन टी रामा राव के राजनीतिक तख्तापलट के बाद पहली बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। नायडू 1999 में फिर से मुख्यमंत्री चुने गए और 2004 तक पद पर रहे। आंध्र प्रदेश का विभाजन कर तेलंगाना का गठन किये जाने के बाद 2014 में वह तीसरी बार राज्य (आंध्र प्रदेश) के मुख्यमंत्री बने। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी से करारी हार के बाद तेदेपा सत्ता से बाहर हो गई थी।

राज्य ही नहीं केंद्र की राजनीति के भी कुशल रणनीतिकार

तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू राज्य ही नहीं केंद्र की राजनीति के भी कुशल रणनीतिकार रहे हैं। नायडू ने आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य के दर्जे को लेकर मार्च, 2018 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता तोड़ लिया था, लेकिन वर्ष 2019 के विधानसभा व लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार ने उन्हें सियासी नेपथ्य में धकेल दिया। ठीक छह साल बाद मार्च, 2024 में नायडू ने राजग में वापसी की और आंध्र प्रदेश में भाजपा, जनसेना के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा।

नायडू राजग के संयोजक भी रहे

नायडू 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार को समर्थन देने से पहले वह संयुक्त मोर्चा के संयोजक थे। नायडू राजग के संयोजक भी रहे। प्रदेश की कुल 175 विधानसभा सीट में से तेदेपा 144, जनसेना 21 और भाजपा 10 सीट पर चुनाव लड़ी। राजग में लौटने के बाद भले ही नायडू पीएम मोदी की हर मौके पर सराहना करते दिखे हों, लेकिन पूर्व में उनके साथ रिश्ते सहज नहीं रहे हैं। नायडू ने 2002 में गुजरात दंगे के बाद मोदी का विरोध किया था। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर नायडू के नाम पर कई कीर्तिमान भी हैं। वह आंध्र प्रदेश के सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री रहे हैं। उन्होंने कई कार्यकाल में 13 साल 247 दिन तक मुख्यमंत्री का पद संभाला है। आंध्र प्रदेश के वह ऐसे एकमात्र नेता हैं जिन्होंने अविभाजित और विभाजन (आंध्र से अलग कर तेलंगाना का गठन) के बाद राज्य की बागडोर संभाली। मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान नायडू की छवि एक आर्थिक सुधारक और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाले नेता की रही है। उन्होंने हैदराबाद को साइबर सिटी के तौर पर विकसित किया। उन्होंने राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया, जिसमें नई राजधानी अमरावती का निर्माण भी शामिल है। वर्ष 1996 और 1998 के लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने संयुक्त मोर्चा का नेतृत्व किया।

जद(यू) नेता केसी त्यागी ने कहा

हम राजग में हैं, राजग में ही रहेंगे

नई दिल्ली (भाषा)। लोस चुनाव की मतगणना के रुझानों के मद्देनजर नीतीश कुमार नीत जनता दल (यूनाइटेड) के अगले कदम को लेकर लगाई जा रही अटकलों के बीच, पार्टी के वरिष्ठ नेता के. सी. त्यागी ने मंगलवार को कहा कि वे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में हैं और ''हम राजग में ही रहेंगे। जद(यू) के 'इंडिया' गठबंधन में लौट सकने की अटकलों पर त्यागी ने यहां कहा कि यह हमारा अंतिम निर्णय है।'' मतगणना के ताजा रुझानों के अनुसार, भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने वाली है लेकिन भाजपा के बहुमत हासिल करने की संभावना नहीं है। भाजपा को सरकार बनाने के लिए राजग के अपने सहयोगी दलों के समर्थन की जरूरत पड़ेगी। अटकलें लगाई जा रही हैं कि जद(यू) वापस 'इंडिया' गठबंधन में जा सकता है जिसने चुनाव में बेहतर प्रदर्शन किया है।

शिवसेना (यूबीटी) नेता राउत बोले

मोदी को हार स्वीकार कर लेनी चाहिए

मुंबई (भाषा) शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव परिणाम में हार स्वीकार कर लेनी चाहिए क्योंकि लोगों ने उनकी सरकार को खारिज कर दिया है। राउत ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लोकसभा चुनाव में 240 से कम सीट मिलेंगी। राउत ने कहा, ''हमने महाराष्ट्र में नरेन्द्र मोदी को रोक दिया है। नरेन्द्र मोदी को हार स्वीकार कर लेनी चाहिए क्योंकि लोगों ने उनकी सरकार को नकार दिया है।'' निर्वाचन आयोग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक भाजपा 222 सीट पर आगे चल रही है जबकि 21 सीट पर जीत हासिल कर चुकी है। वहीं, कांग्रेस के नेतृत्व वाला 'इंडिया' गठबंधन 200 से अधिक सीट पर आगे चल रहा है।

स्थिति बदलाव के लिए अनुकूल : शरद पवार

राष्ट्रवादी कांग्रेस प्रमुख शरद पवार

मुम्बई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव परिणामों ने दिखा दिया है कि देश में स्थिति राजनीतिक बदलाव के लिए अनुकूल है। आगे की रणनीति के लिए बुधवार को दिल्ली में 'इंडिया' के नेताओं के बैठक करने की संभावना है।

मोदी को इस्तीफा देना चाहिए : ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

कोलकाता (भाषा) बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि मोदी को ''नैतिक हार स्वीकार करते हुए'' तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने चुनाव में यह दावा करते हुए प्रचार किया था कि भाजपा 400 से अधिक सीटें जीतेगी। लेकिन अपने दम पर बहुमत तक हासिल करने में विफल रही।

बीआरएस इस हार से जरूर उबरेगीः राव

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष राव

हैदराबाद (भाषा) भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी रामाराव ने तेलंगाना की 17 लोकसभा सीट में से पार्टी द्वारा किसी भी सीट पर बढ़त नहीं बना पाने के बाद मंगलवार को हार स्वीकार कर ली, लेकिन विश्वास जताया कि पार्टी इस हार से जरूर उबरेगी।

सत्ता के 'शीर्ष दुर्ग' के खिलाफ नैतिक जीत

उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अजय राय

लखनऊ। वाराणसी से मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले उप्र कांग्रेस प्रमुख अजय राय ने कहा कि सत्ता बल की धौंस व भारी धन बल के निवेश के मुकाबले काशी की महान जनता ने विपुल जन समर्थन का जितना आशीर्वाद मुझे दिया है, वह सत्ता के 'शीर्ष दुर्ग' के खिलाफ मेरी नैतिक जीत है।

बेजुबानों की आवाज' बनेगी पार्टीः रेड्डी

आंध्र सीएम वाई एस जगनमोहन रेड्डी

अमरावती (भाषा)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी ने कहा कि 'बिना किसी भ्रष्टाचार' के कई कार्यक्रम चलाने के बावजूद विस चुनाव में उनकी पार्टी वाईएसआर कांग्रेस की हार के कारणों को वह समझ पाने में विफल हैं। पार्टी बेजुबानों की आवाज के रूप में काम करेगी।

चुनावी हलचल

अब गेंद तेदेपा और जद (यू) के पाले में : सौरभ भारद्वाज

आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली (भाषा)। रुझानों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अपने दम पर बहुमत से दूर रहने के बीच आम आदमी पार्टी (आप)के नेता सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि गेंद अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)के सहयोगी एन. चंद्रबाबू नायडू की तेदेपा और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जद(यू) के पाले में है। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने कभी प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विपक्ष को एकजुट किया था। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) 16 लोकसभा सीट पर आगे है, जबकि बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) 14 सीट पर बढ़त बनाए हुए है। भारद्वाज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखे एक पोस्ट में भाजपा को सरकार बनाने से रोकने में तेदेपा और जदयू के नेतृत्व पर भरोसा जताया। आप नेता ने चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार के हाथ मिलाने की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ''रोचक तथ्य - 2019 में माननीय चंद्रबाबू नायडू ने मोदी के खिलाफ सभी विपक्षी नेताओं को एकजुट करने के लिए उनसे मुलाकात की और 2024 में नीतीश कुमार ने मोदी के खिलाफ सभी विपक्षी नेताओं को एकजुट करने के लिए उनसे मुलाकात की। अब उन पर है।'' मतगणना के शुरुआती रुझानों के मुताबिक, भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लिए अपेक्षा के अनुरूप परिणाम नहीं आए। भाजपा को उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में भारी नुकसान होता दिख रहा है।

बशीरहाट में तृणमूल अजेय, भाजपा को संदेशखालि से बड़ा संदेश

बशीरहाट (प.बंगाल)(भाषा)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उम्मीद थी कि संदेशखालि की घटना से वह बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र में कड़ा राजनीतिक संदेश देगी लेकिन उसकी उम्मीदों पर पानी फिरता प्रतीत होता है क्योंकि उसकी उम्मीदवार रेखा पात्रा तृणमूल कांग्रेस के अनुभवी नेता हाजी नुरुल इस्लाम से करीब दो लाख मतों के अंतर से पीछे चल रही हैं। बशीरहाट लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सात विधानसभा सीट में से एक संदेशखालि में स्थानीय महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीन पर जबरन कब्जा करने की कथित घटनाएं भाजपा को इस सीट पर वांछित जीत दिलाने में विफल होती प्रतीत हो रही है। चुनाव विशेषज्ञों के मुताबिक, बांग्लादेश के साथ लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित बशीरहाट निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के लिए संदेशखालि का मुद्दा 'बहुत स्थानीय' था जो लोगों पर असर नहीं डाल पाया। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने मौजूदा सांसद नुसरत जहां की जगह हाजी नुरुल को अपना उम्मीदवार बनाया जिन्होंने अपनी भावी जीत का श्रेय पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी को दिया। उन्होंने कहा कि मुझे जीत का पूरा भरोसा था। संदेशखालि के बारे में जो भी कहा गया, वह झूठ था और लोगों ने उन पर कभी विश्वास नहीं किया। वीडियो टेप से साबित हो गया कि इसके पीछे भाजपा का हाथ था... यह भाजपा की गंदी साजिश थी और लोगों ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया है।'' उन्होंने कहा कि यह ममता बनर्जी का जादू है और लोगों को उन पर पूरा भरोसा है... केवल साजिश करके उन्हें हराना आसान नहीं था, इसके लिए कुछ अच्छा काम करने की जरूरत थी।'' निर्वाचन आयोग के सूत्रों के अनुसार, संदेशखालि सहित बशीरहाट संसदीय सीट के लगभग हर विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा से बेहतर प्रदर्शन किया है। बशीरहाट में 54 प्रतिशत से अधिक आबादी मुस्लिम है और यह क्षेत्र पारंपरिक रूप से तृणमूल कांग्रेस का गढ़ रहा है।

कोलकाता के कालीघाट में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास के पास इंतजार कर रहा समर्थक

वे मीम्स जो दिनभर चर्चा में रहे

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे लगभग आ गए हैं। रुझानों से पता चलता है कि भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए को बहुमत मिल गया है। अबकी बार 400 पार का नारा ध्वस्त हो गया है। भाजपा का 370 वाला नारा भी नहीं चल सका है। ऐसे में सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई है। जो दिनभर चर्चा में रहे । ऐसे मीम्स को 'हरिभूमि' ने सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म से अपने पाठकों के लिए संकलित किया है। इनका उद्देश्य केवल व्यंग्यात्मक दृष्टि से चुटकी लेना है। किसी की भावनाओं को आहत करने का कोई मकसद नहीं है।

सोशल मीडिया बोला- एग्जिट पोल न रहा किसी काम के

राजनीति अब ऐसे मोड़ पर, जहां नए साथियों का इंतजार है...मिन्नतें हैं, मनुहार है

दिल के अरमां आंसुओं में बह गए...

इस बार के चुनाव में 400 पार का नारा छाया रहा। भाजपा की रैलियों में यह नारा लगातार लगवाया जाता रहा कि अबकी बार 400 पार। पर नतीजे 400 पार वाले नहीं आए। वे 300 पार वाले भी नहीं आए। एनडीए 300 के भीतर ही सिमट गया और इंडी गठबंधन 232 के आसपास आ गया। सरकार एनडीए की बन रही है, यह नंबरों से तो दिख रहा है पर इंडी गठबंधन भी अब नए दोस्त तलाश रहा है, वे दोस्त जो मौके पर हिचकोले खा जाते हैं और जिनके बारे में कोई भी भविष्यवाणी नहीं कर सकता है। इस नंबर गेम में कौन नंबर गेम करेगा और कौन सरकार बनाएगा? ये नए बनने वाले फॉर्मूले पर निर्भर करता है। पर, राम मंदिर, धारा 370, तीन तलाक और महिला आरक्षण बिल के साथ 80 करोड़ लोगों को राशन मुफ्त देने के बाद भी मतदाताओं ने 400 पार पर एनडीए को नहीं पहुंचाया तो धक्का पहुंचना ही था। एक मीम्स में लिखा है- दिल के अरमां आंसुओं में बह गए। कोई पार्टी इसे दिल पर नहीं ले।

ये क्या हुआ

■ ये सोचा तो नहीं था

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ये फोटो दिनभर वायरल होता रहा। जिसमें कहा गया कि ये क्या हुआ सोचा नहीं था।

क्या कर डाला

■ यूपी के सीएम से सवाल

सोशल मीडिया के कई प्लेटफॉर्म पर यह मीम्स खूब वायरल हुआ है, जिसमें कहा जा रहा है कि शायद पीएम पूछ रहे हैं कि ये क्या कर डाला?

मैच हम कहां हारे

■ तुम्हें पता है?

सोशल मीडिया के इस मीम्स की चर्चा हो रही है, जिसमें कहा जा रहा है कि तुम्हें पता है कि ये मैच हम कहां हारे?

हमें भी बताओ?

■ दिखाओ, क्या हाल है?

इस मीम्स में केंद्रीय मंत्री अमित शाह शायद कह रहे हैं कि भैया, हमें भी तो बताओ, देश में कहां कौन आगे है? कौन पीछे है?

अब कौन लुढ़केगा?

कुछ करता हूं जिससे सबके घोड़े लग जाएं...!

वेट एंड वॉच



■ देखते हैं क्या होता है?

केंद्रीय मंत्री अमित शाह का यह मीम्स भी एक्स पर वायरल हुआ है। जिसमें इसके मायने निकालते हुए लोग कह रहे हैं शाह वेट एंड वॉच में हैं।

किशोरी कुछ ऐसा..



■ हार और जीत का कांबिनेशन

अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी हार गई। उनको किशोरीलाल शर्मा ने हराया। स्मृति की हार पर चेहरे की ये भजन वाली भाव-भंगिमा।

सोच रहा हूं कि पलटी मारूं क्या....कहां जाऊं?

हम में भी अब दम है...

दो हास्य कवियों की 'चुटकी'

सत्यनारायण सत्तन
व्यंग्य कवि

गीत वही गायक बदले हैं, तंत्र वही नायक बदले हैं...

गीत वही गायक बदले हैं, तंत्र वही नायक बदले हैं, पीड़ाओं की परिक्रमा अनवरत चल रही, त्याग रुग्ण है स्वार्थ की आपाधापी में, दिशा भ्रांत कर्तव्य दर-ब-दर ठोकर खाता, निकल कुए से संविधान डूबा वापी में। धनुष वहीं नायक बदले हैं, गीत वही गायक बदले हैं।

सुदीप भोला
व्यंग्य कवि

शंख बजाते,रामधुन गाते खेल रहे थे भगवा धारी

शंख बजाते!
रामधुन गाते.!
खेल रहे थे भगवा धारी
मोदी ने हैट्रिक है मारी
चंद्रबाबू ने मिड ऑन देखा
बाबू नीतीश बाउंड्री पर खड़े हैं
शाह विकेट कीपिंग कर रहे है
मांझी चिराग गल्ली में अड़े हैं
रन थोड़े ज्यादा ही दे दिए पर
जीत गए हैं अपनी पारी

अपहृत की तलाश



अरिहन अली@साहिल साहिल

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दो लड़के जिनका **नामः अरिहन अली @साहिल, पुत्रः** आसिफ, **पताः** मकान नं. एफ–4, विजय विहार, फेज–I, दिल्ली, **लिंगः** पुरूष, **उम्रः** 16 साल, **कदः** 4फुट 6इंच, **रंगः** गोरा, **पहनावाः** हरे रंग की हॉफ टी–शर्ट, नीले रंग की जींस और पैरों में सलेटी रंग के जूते पहने हुए और **नामः साहिल, पुत्रः** जफरूद्दीन, **पताः** मकान नं. 32, विजय विहार, फेज–I, दिल्ली, **लिंगः** पुरूष, **उम्रः** 16 साल, **कदः** 5फुट 5इंच, **रंगः** सांवला, **पहनावाः** नीले रंग की चैकदार शर्ट, नीले रंग की पैंट और पैरों में सलेटी रंग के जूते पहने हुए, जो कि ये दोनो लड़के अपने घर से 30.05.2024 से अपहृत हैं। इस संदर्भ में **FIR No. 227/2024, U/s 363 IPC, दिनांक 31.05.2024,** थाना विजय विहार, दिल्ली में दर्ज है। पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इन अपहृत लड़कों के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इन अपहृत लड़कों के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो कृपया निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641
DP/6727/RD/2024

थाना प्रभारी
थानाः विजय विहार, दिल्ली
फोनः 011-27521294, 27521295

पहचान के लिए अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष **जिसका नामः अज्ञात, पुत्रः** अज्ञात, **पताः** अज्ञात, जो कि **दिनांकः 31.05.2024** को प्रातः 08.24 बजे रिट्ज़ सिनेमा के पास, कश्मीरी गेट, दिल्ली में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में **DD No.: 22A, Dated 31.05.2024 पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली–110006** में रिपोर्ट दर्ज है। फोटो साफ नहीं है। नीचे अज्ञात मृत पुरूष की पहचान दी गई है :

नामः अज्ञात, **उम्रः** लगभग 36 वर्ष, **कदः 5'7''** **रंगः** गेहुंआ **शरीरः** पतला, **चेहराः** अण्डाकार **पहनावाः** गुलाबी रंग की कमीज़ एवं नीले रंग की जींस पैंट पहने हैं।

अगर किसी को इस मृत पुरूष के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना अध्यक्ष
पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली–110006
DP/6754/N/2024 **फोन : 8750870123**

चिंतन

आम चुनाव के नतीजे में लोकतंत्र का जनसंदेश

चुनाव परिणाम
उमेश चतुर्वेदी

आम चुनाव के नतीजे ने चौंकाया। 18वीं लोकसभा के लिए सात चरणों में हुए लंबे चुनाव के चार जून को आए परिणाम में सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) अपनी सत्ता बचाने में सफल रही है, लेकिन विपक्षी गठबंधन इंडिया ने उम्मीद से बहुत अधिक प्रदर्शन किया है। चुनाव नतीजे और रुझान को देखें तो राजग की सुई 273 के जादुई आंकड़े से थोड़ा अधिक 300 के नीचे अटक गई है, तो कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन ने सवा दो सौ से अधिक सीटों पर विजय हासिल कर मजबूत विपक्ष का रुतबा हासिल किया है। चुनाव नतीजे और रुझान ने सभी एक्जिट पोल्स के अनुमानों को ध्वस्त कर दिया है। 1 जून को अंतिम चरण के चुनाव के दिन आए सभी एग्जिट पोल्स में भाजपा नीत राजग को 363 से 401 तक सीट आने का अनुमान लगया गया था, साथ भाजपा को अपने दम पर बहुमत का आंकड़ा पार करने का अनुमान लगाया गया था। लेकिन अंतिम नतीजे में न ही राजग ने 300 का आंकड़ा पार किया और न ही भाजपा अपने दम पर बहुमत पा सकी। भाजपा जहां 242 पर सिमटती नजर आ रही है, वहीं राजग 295 पर अटक गया। अंतिम परिणाम आने पर सीटों की संख्या में मामूली परिवर्तन हो सकता है, लेकिन इतना तय है कि केंद्र में एक बार फिर भाजपा नीत राजग सरकार बनने जा रही है। मगर इस बार मजबूत विपक्ष भी रहेगा। विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों में कांग्रेस ने इस बार 2019 से दोगुणी अधिक सीट हासिल की है, तो सपा, डीएमके ने शानदार प्रदर्शन किया है। पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने भाजपा की उम्मीदों पर पानी फेरा है। टीएमसी भी इंडिया की हिस्सा है, पर चुनाव से पहले बंगाल में एकला चलो के आधार पर चुनाव लड़ी। कांग्रेस से बात नहीं बनी। राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, गोवा, असम, त्रिपुरा, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पुडुचेरी, आंध्रप्रदेश, बिहार, सिक्किम आदि राज्यों में राजग ने अच्छा प्रर्शन किया है, तो उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, लक्षद्वीप, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना आदि राज्यों में कमजोर प्रदर्शन किया है, इन राज्यों में इंडिया ने करारी टक्कर दी है। पंजाब, चंडीगढ़ में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया है। केंद्र में नरेंद्र मोदी ही पीएम होंगे, पर वे इस बार राजग के मुखिया होंगे। राजग के मुख्य घटक नीतीश कुमार के जदयू और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी के हाथ में सत्ता की चाबी होगी। विधानसभा में अरुणाचल व सिक्किम के बाद ओडिशा और आंध्रप्रदेश में राजग ने शानदार प्रदर्शन किया है। केंद्र में मोदी 3:0 शासन में भाजपा मजबूत सरकार का दावा नहीं कर सकेगी। इस चुनाव परिणाम को भाजपा की नैतिक हार व कांग्रेस की राजनीतिक जीत के रूप में देखा जा सकता है। पिछले दस वर्षों से कांग्रेस जिस तरह चुनाव दर चुनाव हार रही थी, राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल खड़े हो रहे थे, व कांग्रेस के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा था, इस बार की जोरदार सफलता के बाद अब इन प्रश्नों पर विराम लग जाएगा। राहुल गांधी के नेतृत्व की स्वीकार्यता जनमानस में भी और सहयोगी दलों के बीच भी बढ़ेगी। इस चुनाव में लोकतंत्र जीता है, विभाजनकारी विचारधारा हारी है। उत्तर प्रदेश में भाजपा को झटका बताता है कि राम मंदिर वोट का मार्ग नहीं बन सका। इस चुनाव में पीएम मोदी व भाजपा के खिलाफ मुस्लिमों का देशव्यापी ध्रुवीकरण देखने को मिला, बेशक वह सफल नहीं हो सका, लेकिन यह खतरनाक प्रवृत्ति जरूर है। इस परिणाम पर भाजपा को मंथन करना चाहिए, अपने राजनीतिक मुद्दों का विश्लेषण करना चाहिए और देखना चाहिए कि क्या हिंदुत्व, सनातन, मंदिर और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की धार कुंद हो रही है? केंद्र व गैर भाजपा शासित राज्यों के संबंधों को भी देखने की जरूरत है। भ्रष्टाचार के खिलाफ एक्शन के नाम पर अगर राजनीतिक उत्पीड़न की प्रवृत्ति बढ़ी है, तो इसे भी परखने की जरूरत है। अफसरशाही को खुली छूट कई बार सत्ता की राजनीति पर भारी पड़ती है। यह चुनाव परिणाम भाजपा व कांग्रेस दोनों के लिए जनसंदेश है। यह जनादेश अतिआत्मविश्वास, अतिवाद और येनकेन प्रकारेण सत्ता पाने की प्रवृत्ति के खिलाफ लोकतांत्रिक आवाज है। सत्ता पक्ष को हमेशा जनांकाक्षा के अनुरूप ही काम करना करना चाहिए। इस बार राजग सरकार बेहतर काम करेगी।

जीत के बावजूद भाजपा को झटका

> बीजेपी को सबसे ज्यादा उम्मीद जिस उत्तर प्रदेश से रही है, वहां पार्टी की सीटें चालीस से भी नीचे रही हैं। बिहार में भी वह सबसे बड़ा दल होती थी, लेकिन इस बार उसे जनता दल यू मात देता नजर आ रहा है। वह आगे निकल गया है। पश्चिम बंगाल में उसे बड़ी जीत की उम्मीद थी, तकरीबन सारे एक्जिट पोल ऐसी ही उम्मीद जता रहे थे, लेकिन वैसा नहीं हुआ। उलटे उसकी सीटें भी घट गई। राजस्थान में भी पार्टी बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। राज्य की आधी सीटों पर ही जीत हासिल होती नजर आ रही है। बीजेपी को उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, बिहार और हरियाणा से बड़ा झटका लगा है। वह जीत कर भी हार गई है।

अठारहवीं लोकसभा चुनावों में बीजेपी भले ही सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी हो, लेकिन मोटे तौर पर देखें तो यह नतीजा उसके लिए सबसे बड़ा झटका ही माना जाएगा। 2014 में जब पार्टी 283 सीटों के साथ अपने दम पर बहुमत हासिल करके सत्ता में आई थी, तब कहा गया था कि देश का मतदाता प्रबुद्ध हो गया है। उसे अस्थिर सरकारें मंजूर नहीं हैं। 2019 के आम चुनावों ने इसी धारणा को आगे बढ़ाया और ब्रांड मोदी का नाम स्थापित हो गया, लेकिन 2024 में स्थितियां बदली हुई हैं। ये पंक्तियां लिखी जाते वक्त तक भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर ढाई सौ का आंकड़ा भी पार करती नहीं दिख रही। ऐसे में सवाल उठेंगे कि भारतीय जनता पार्टी कहां चूक गई?

बीजेपी को सबसे ज्यादा उम्मीद जिस उत्तर प्रदेश से रही है, वहां पार्टी की सीटों चालीस से भी नीचे जाती दिख रही हैं। बिहार में भी वह सबसे बड़ा दल होती थी, लेकिन इस बार उसे जनता दल यू मात देता नजर आ रहा है। वह आगे निकल गया है। पश्चिम बंगाल में उसे बड़ी जीत की उम्मीद थी, तकरीबन सारे एक्जिट पोल ऐसी ही उम्मीद जता रहे थे, लेकिन वैसा नहीं हुआ। उलटे उसकी सीटें भी घट गई। राजस्थान में भी पार्टी बेहतर प्रदर्शन नही कर पा रही है। राज्य की आधी सीटों पर ही जीत हासिल होती नजर आ रही है। पार्टी को हरियाणा में भी झटका लगा है, लेकिन प्रज्वल रेवन्ना कांड के बाद जिस कर्नाटक से उसे सबसे ज्यादा झटके की उम्मीद थी, वहां से उसे उतना नुकसान नहीं हुआ है। बीजेपी भले ही तमिलनाडु से बहुत उम्मीद कर रही थी, लेकिन वहां भी उसे 2014 की तरह महज एक सीट पर ही जीत मिलती नजर आ रही है। पार्टी को महाराष्ट्र में भी बड़ा नुकसान हुआ है। पिछली बार पार्टी के यहां से 22 सांसद जीते थे, लेकिन इस बार उसकी सीटें आधी रह गई हैं। एनसीपी से अलग होकर बीजेपी का साथ देने वाले अजित पवार को महज एक ही सीटें मिलती नजर आ रही हैं। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि बीजेपी को उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, बिहार और हरियाणा से बड़ा झटका लगा है। हालांकि पार्टी को सबसे ज्यादा समर्थन मध्य प्रदेश से मिला है। गुजरात में भी उसका गढ़ बचा हुआ है। असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल में भी उसका जादू चल रहा है।

सवाल यह है कि आखिर बीजेपी उत्तर प्रदेश में क्यों कमजोर हो गई? फौरी तौर पर देखें तो सबसे बड़ा कारण यहां के युवाओं के गुस्से को बड़ा कारण माना जा रहा है। राज्य में बार-बार परीक्षाओं के पेपर आउट होते रहे। इससे युवाओं में गुस्सा रहा। इसकी वजह से उनकी नौकरियां लगातार दूर जाती रहीं। अग्निवीर योजना को लेकर विपक्षी दलों विशेषकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा नेता अखिलेश यादव ने जिस तरह मुद्दा बनाया, उसने युवाओं में बीजेपी के खिलाफ गुस्सा भर दिया। राममंदिर के निर्माण के बाद समूचा देश जिस तरह राममय हुआ था, उससे बीजेपी को उम्मीद थी कि पार्टी को रामभक्तों का बहुत साथ मिलेगा, लेकिन उत्तर प्रदेश में ही राम की लहर नहीं चल पाई। उत्तर प्रदेश में बीजेपी

की मौजूदा हालत के चलते 1999 का आम चुनाव याद आ रहा है। तब उत्तराखंड भी उत्तर प्रदेश का हिस्सा था, इस लिहाज से उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 85 सीटें थीं। 1998 के आम चुनावों में बीजेपी को राज्य से 52 सीटें मिली थीं, लेकिन बाद में कल्याण सिंह ने बागी रुख अपना लिया तो अगले ही साल हुए आम चुनावों में बीजेपी की 23 सीटें घट गईं। कुछ ऐसी ही स्थिति इस बार बीजेपी की उत्तर प्रदेश में होती दिख रही है। पार्टी अपना आकलन तो करेगी, लेकिन मोटे तौर पर माना जा रहा है कि बीजेपी को राज्य में सबसे ज्यादा नुकसान युवाओं के गुस्से, राज्य सरकार के स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार ना रोक पाने और गलत उम्मीदवार देने की वजह से हुआ। उदाहरण के लिए बलिया से नीरज शेखर की उम्मीदवारी पर पार्टी के ही लोगों को सबसे ज्यादा एतराज रहा। खुद प्रधानमंत्री मोदी भी डाक मतमत्रों में छह हजार से ज्यादा वोटों से पीछे चलते रहे, इसका मतलब साफ है कि बीजेपी को लेकर राज्य में एक तरह से गुस्सा था, जिसे भांपने में पार्टी नाकाम रही।

बिहार के बारे में माना जा रहा था कि नीतीश को नुकसान होगा, लेकिन इसके ठीक उलट नीतीश अपनी ताकत बचाए रखने में कामयाब हुए हैं। राज्य में अब जनता दल सबसे बड़ा संसदीय दल है। तो क्या यह मान लिया जाए कि 2020 के विधानसभा चुनावों में कमजोर किए जाने की कथित कोशिश को पलट दिया है?

पार्टी को महाराष्ट्र में शायद अजित पवार को साथ लाना उसके वोटरों को पसंद नहीं आया। बीजेपी ही उन्हें राज्य की सिंचाई घोटाले का आरोपी मानती रही और उन्हें ही उपमुख्यमंत्री बनाकर ले आई। जब कोई विपक्षी व्यक्ति पार्टी या गठबंधन में लाया जाता है तो सबसे ज्यादा जमीनी कार्यकर्ता को परेशानी होती है। वह पसोपेश में पड़ जाता है कि कल तक वह अपनी पार्टी लाइन के लिहाज से जिसका विरोध करता रहा, उसका अब कैसे समर्थन करेगा। महाराष्ट्र का कार्यकर्ता इसीलिए निराश रहा, जिसका असर चुनावी नतीजों पर दिख रहा है। हरियाणा के प्रभुत्वशाली जाट मतदाताओं को सबसे ज्यादा गुस्सा अग्निवीर और शासन में उसकी घटती भागीदारी को लेकर रहा। इसकी वजह से यहां का अधिसंख्य मतदाता पार्टी से रुष्ट हुआ और नतीजा सामने है। राजस्थान में बीजेपी का कार्यकर्ता ही मुख्यमंत्री भजनलाल को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। पार्टी की दिग्गज नेता वसुंधरा को किनारे लगाया जाना भी बीजेपी की अंदरूनी राजनीति पर असर डाला। इसका असर है कि पार्टी राज्य में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई। पश्चिम बंगाल में ममता अपने किले को बचाने में कामयाब रहीं। हालांकि उड़ीसा में पार्टी का जबरदस्त प्रदर्शन रहा। जहां राज्य सरकार के साथ ही संसद की ज्यादातर सीटों पर वह काबिज हो चुकी है।

इस चुनाव ने यह भी संदेश दिया है कि गठबंधन की राजनीति खत्म नहीं हुई। दो कार्यकाल में अपने दम पर बहुमत हासिल करने के चलते मोदी-शाह की जोड़ी लगातार अपने एजेंडे को लागू करती रही, लेकिन अब गठबंधन की सरकार होगी, इसलिए अब इस जोड़ी को पहले के दो कार्यकाल की तरह काम करना आसान नहीं होगा। एक धारणा यह भी बन गई थी कि जिस संगठन के चलते बीजेपी की पहचान थी, वह धीरे-धीरे किनारे होता चला गया, लेकिन बहुमत ना हासिल होने की स्थिति में अब संगठन की अहमियत बढ़ेगी। इस चुनाव का संदेश यह भी है कि संगठन को जमीनी लोगों पर भरोसा करना होगा। बीजेपी के लिए राहत की बात यह है कि तीसरी बार वह सत्ता पर काबिज होगी। उसने उन राज्यों में भी अपनी उपस्थिति बनाने में कामयाबी हासिल की है, जहां वह नहीं थी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो।

मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित
प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

पर्यावरण दिवस
रोहित कौशिक

समझना होगा पर्यावरण का महत्व

इस दौर में हमारा ज्ञान लगातार बढ़ रहा है। समाज में प्रगतिशीलता भी बढ़ रही है, लेकिन पर्यावरण की वर्तमान स्थिति को देखकर तो ऐसा नहीं लगता कि पर्यावरण के मामले में हमारी समझ बढ़ी है। पर्यावरण की सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। हाल ही में आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय में हुए एक अध्ययन में बताया गया है कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से मरने वालों की कुल संख्या का लगभग एक तिहाई और विश्वभर में हुई कुल मौतों का एक फीसद है। पिछले तीस वर्षों के आंकड़ों के आधार पर यह बताया गया है कि हर वर्ष गर्मी में एक लाख तिरपन हजार अतिरिक्त लोगों की जान चली जाती है, जिसमें से लगभग आधी मौतें एशिया में और तीस फीसद से ज्यादा यूरोप में होती है। भारत में हर साल तीस हजार से ज्यादा लोगों की लू के कारण मृत्यु हो जाती है। धरती का तापमान बढ़ रहा है। इसके साथ ही मौसम का चक्र भी अनियमित हो गया है। कुछ समय पहले 'असेसमेंट ऑफ क्लाइमेट चेंज ओवर द इंडियन रीजन' नामक रिपोर्ट में भी बताया गया था कि अगर जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए बड़े कदम नहीं उठाए गए तो लू के थपेड़ों में तीन से चार गुना बढ़ोतरी दिखाई देगी और समुद्र का जलस्तर 30 सेंटीमीटर तक उठ सकता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस बात के पुख्ता प्रमाण हैं कि इस बदलाव को मानव गतिविधियों ने प्रभावित किया है। पिछले दिनों हम सबने यह महसूस किया कि लॉकडाउन के दौरान वायु और जल प्रदूषण कम हुआ। इस दौर में हमें यह समझना होगा कि पर्यावरण को सम्मान देकर ही हम पृथ्वी की रक्षा कर पाएंगे। पिछले दिनों इंटरनेशनल यूनियन फॉर द कंजर्वेशन ऑफ नेचर द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया था कि जलवायु परिवर्तन के कारण महिलाओं और लड़कियों के प्रति होने वाली हिंसा में इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार गरीब देशों में जलवायु परिवर्तन को रोकने में सरकारें विफल रही हैं। इसके कारण संसाधन बर्बाद हो रहे हैं। जलवायु परिवर्तन से जूझ रहे इलाकों में संसाधनों पर काबिज होने के लिए वर्ग संघर्ष जारी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस दौर में कई तौर-तरीकों से समाज पर जलवायु परिवर्तन का असर पड़ रहा है। पर्यावरण बचाने के लिए जमीन पर काम नहीं हो रहा है। यह सब इसलिए हो रहा है कि हम अभी तक भी प्रकृति का महत्व नहीं समझ पाए हैं। प्रकृति हमें एक नया सौन्दर्यबोध प्रदान करती है। धरती को सौन्दर्य प्रदान करने में प्रकृति ने अतुलनीय योगदान दिया है। पेड़-पौधे, फूल-पत्तियां, झरने और पहाड़ धरती के आभूषण ही हैं। कल्पना कीजिए कि इन आभूषणों से रहित धरती हमें कैसी दिखाई देगी। यह हम सबका कर्तव्य है कि हम धरती के इन आभूषणों की चमक फीकी न पड़ने दें। हमें यह समझना होगा कि यह धरती सुन्दर रहेगी तो हमारा जीवन भी सुन्दर रहेगा। कभी हम प्रकृति के विभिन्न अवयवों का क्षरण कर प्रदूषण बढ़ाते हैं तो कभी जलवायु परिवर्तन के लिए स्वयं जिम्मेदार होते हुए भी प्रकृति को कोसते हैं। हालांकि प्राचीन समय में हमने प्रकृति से कई रिश्ते जोड़े। तभी तो हम आज तक धरती को धरती माता, सांप को नाग देवता, गंगा को गंगा मैया, चांद को चंदा मामा कह रहे हैं। क्यों न हम इस दौर में इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्रकृति से प्यार का एक नया रिश्ता जोड़ें। इस दौर में हम कई स्तरों पर मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं। प्रकृति मानसिक तनाव दूर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। यह दुःखद ही है कि प्रकृति जो शान्ति हमें प्रदान करना चाहती है, हम अपने व्यवहार से उस की शान्ति को भंग कर देना चाहते हैं। प्रकृति का स्नेहिल और शीतल स्पर्श हमें अवसाद के गहन अन्धकार से बाहर निकालने में सहायता प्रदान करता है। दरअसल हमने आज तक पर्यावरण का ध्यान इसलिए नहीं रखा क्योंकि हम प्रकृति से प्यार का रिश्ता नहीं जोड़ पाए। इस दौर में हमें पर्यावरण का महत्व समझना होगा। पर्यावरण का महत्व समझकर ही हम इस पृथ्वी के ताप को कम कर सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीत पर जश्न

पश्चिम बंगाल की बीरभूम जिले में मंगलवार को लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान पार्टी की बढ़त पर जश्न मनाते टीएमसी समर्थक।

आज की पाती

गहराता जाएगा पानी का संकट

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र रायपुर एक तो गर्मी से परेशान, ऊपर से यहां पानी का संकट और इस पानी के संकट पर राजनीति से परेशानी। रायपुर में आबादी बढ़ती जा रही है। दूसरे राज्यों के बहुत से तादाद में लोग रोजी-रोटी के लिए यहां आते हैं। इसलिए यहां पानी का संकट और भी ज्यादा पैदा हो सकता है भविष्य में। अब तो रायपुर में पानी के प्राकृतिक संसाधनों का निर्माण भी नहीं किया जा सकता है, क्योंकि यहां रिहायशी इलाकों में भी बढ़ोतरी हो रही है। रायपुर के साथ जो भी नदी है, वो भी आखिर कब तक यहां की प्यास बुझाएगी? गर्मियों में तो नदियां भी लगभग सूख रही हैं। इनमें पानी कम हो जाता है। यही नहीं, छत्तीसगढ़ और अन्य इलाके भी पानी के संकट से परेशान हो जाते हैं।

-सुकेश पाठक, रायपुर

ट्रेंड

गाजा में अपहृतों से मिला

आज मैं गाजा में हमास द्वारा अपहृत और बंधक बनाए गए लोगों के परिवारों के साथ-साथ एक पूर्व बंधक से भी मिला। मैं उनकी दुःखद गवाही से बहुत प्रभावित हुआ। मैं उनका दर्द और दुःख साझा करता हूं। मैं सभी बंधकों की तत्काल और रिहाई के लिए अपना आह्वान दोहराता हूं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

इस्तीफा दे देना चाहिए

प्रधानमंत्री मोदी में अब जरा सी भी नैतिकता बची है तो उन्हें पीएम पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने 400 पार का नारा दिया था लेकिन देश की जनता समझ गई कि इन्हें 400 पार संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने के लिए चाहिए था।

-संजय सिंह, आप नेता

बाजार कहीं अधिक सटीक

चुनाव परिणाम: डेटा एनालिटिक्स, एआई, वैज्ञानिक अनुसंधान का उपयोग करने वाले सर्वेक्षणकर्ताओं की तुलना में सट्टा बाजार कहीं अधिक सटीक है। उन लोगों पर विश्वास करें जो अपनी भविष्यवाणियों के पीछे अपना पैसा लगाते हैं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

कंगना टीम को बधाई

कंगना टीम को बड़ी जीत पर बधाई! आप एक रॉकस्टार हैं। आपके और मंडी तथा हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिए बहुत खुशी की बात है। आपने साबित किया है कि अगर कोई केंद्रित हो और कड़ी मेहनत करे तो "कुछ भी हो सकता है"! जय हो!

-अनुपम खेर, अभिनेता

करंट अफेयर

पांच दिन की चीन यात्रा पर रवाना पाक पीएम शहबाज

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मंगलवार को चीन की पांच दिवसीय सरकारी यात्रा पर रवाना हुए, जिसका मकसद द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाना और अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत सहयोग बढ़ाना है। शरीफ चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर चार से आठ जून तक चीन की यात्रा पर रहेंगे। 'जियो न्यूज' की खबर के अनुसार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शरीफ (72) मार्च में पार्टी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार बनने पर दूसरी बार प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने के बाद पहली विदेश यात्रा पर चीन रवाना हुए हैं। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने पिछले सप्ताह बीजिंग में कहा था कि अपनी यात्रा के दौरान शरीफ चीनी राष्ट्रपति शी के साथ वार्ता करेंगे और चीन-पाकिस्तान संबंधों के विकास के लिए 'संयुक्त रूप से एक खाका तैयार करेंगे।' सोमवार को पाकिस्तान में चीनी राजदूत जियांग जेदोंग ने कहा कि दोनों नेताओं के मार्गदर्शन और दोनों देशों की जनता के मजबूत समर्थन से शरीफ की चीन यात्रा पूरी तरह सफल होगी और चीन-पाकिस्तान संबंधों के विकास में मील का पत्थर बनेगी।

ऑफ बीट

माइंडफुलनेस से अपेक्षित लाभ क्यों नहीं मिल रहे



आपने शायद इन दिनों समाचारों से लेकर पत्रिकाओं और सोशल मीडिया तक, हर जगह एक शब्द देखा होगा: माइंडफुलनेस। माइंडफुलनेस को कभी-कभी मानसिक स्वास्थ्य उपचार के रूप में देखा जाता है, और अध्ययनों से पता चलता है कि माइंडफुलनेस-आधारित उपचार मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करते हैं। आपके दोस्तों या परिवार ने भी आपको बताया होगा कि माइंडफुलनेस ने उनका जीवन बदल दिया है। लेकिन अगर आपने माइंडफुलनेस की कोशिश की है और महसूस करते हैं कि यह आपके लिए काम नहीं कर रहा है, तो हमारा विकासात्मक मनोविज्ञान अनुसंधान इसका कारण बता सकता है। हमारे हालिया अध्ययन में, हमने पाया है कि दिमागी तौर पर बहुत अधिक सक्रिय रहना भी शायद सभी के लिए फायदेमंद नहीं होता है। इसके बजाय, एक खास उम्र में माइंडफुलनेस के कुछ पहलू दूसरों की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण हो सकते हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को अलग तरह से प्रभावित करते हैं। माइंडफुलनेस के विभिन्न पहलू? मनोविज्ञान अनुसंधान से पता चला है कि कुछ दिमागी पहलू दूसरों की तुलना में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण का अधिक समर्थन कर सकते हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

फिर बागडोर मोदी के हाथों में

इस बार के लोकसभा चुनाव के नतीजे भाजपा और एनडीए के लिए चिंता का सबब बन गए है। 10 साल भारत सरकार की बागडोर संभालने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज़ भाजपा ने इस बार 400 पार का नारा दिया था और पूरी दुनिया में भाजपा के समर्थकों ने इस 400 पार के नारे को इतना प्रचारित किया कि खुद भाजपा भी विश्वास नहीं कर पाई कि उसे इन चुनावों में कोई टक्कर दे सकता है। लेकिन अब नतीजा देश और दुनिया के सामने है। जिसमें साफ-साफ दिख रहा है कि 400 पार का नारा लगाने वाली भाजपा कैसे 300 से भी नीचे आ गई?

स्थिर सरकार से दुनिया में बढ़ेगी भारत की ताकत

आने वाले पांच साल कई मुद्दों पर होंगे अहम

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में लोकसभा चुनाव प्रक्रिया और मंगलवार को आए परिणाम पर पूरे विश्व की नजर रही। माना गया कि चुनाव बाद एक बार फिर स्थिर सरकार के नेतृत्व में लोकतांत्रिक भारत की दुनिया में ताकत बढ़ेगी। विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था, बढ़ती सामरिक व कूटनीतिक ताकत तथा ग्लोबल साउथ के देशों का नेतृत्व कर रहे भारत में अगले पांच साल के लिए चुनी जाने वाली सरकार से आगे की दिशा तय होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 3.0 वाली वापसी वाली सरकार को अंतरराष्ट्रीय पटल पर लोकतांत्रिक भारत की बढ़ती ताकत से जोड़कर देखा जा रहा है। विश्लेषणों में यह भी कहा गया है कि दुनिया में चल रहे संघर्षों, बदलती विश्व व्यवस्था, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रतिनिधित्व बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर आने वाले पांच साल अहम होंगे। इस दौरान भारत में स्थिर और मजबूत सरकार इन सुधारों में प्रमुख भूमिका निभाएगी।

दुनिया बोली लोगों ने दिखाया विश्वास, मोदी ने रचा इतिहास

द गार्जियन बोला- संबंधों में और होगा सुधार

ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की वेबसाइट की रिपोर्ट ने लिखा है कि पीएम नरेंद्र मोदी की जीत से संबंधों में सुधार होगा। उन्होंने भारत के धर्मनिरपेश लोकतंत्र में बदलाव किया है। साइट ने हालांकि यह भी कहा है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने नेतृत्व में हो रहे इस तीसरे चुनाव में जबरदस्त जीत के दावे कर रहे थे, लेकिन रिजल्ट से पता चलता है कि उन्होंने वो शानदार जीत हासिल नहीं की है जिसकी कई लोगों ने भविष्यवाणी की थी। 640 मिलियन वोटों में से आधे की गिनती के साथ भाजपा ने अपने सहयोगियों के साथ सिर्फ 291 सीटें जीती, हालांकि ये नंबर उसके बहुमत के पार है तो वो अब सरकार बनाएगी।

अलजजीरा ने कहा- पीठ नहीं थपथपा सकते मोदी

इसके अलावा मिडिल ईस्ट की दिग्गज मीडिया 'अलजजीरा' ने इन चुनावों के रुझानों पर अपनी राय रखी है और लिखा है कि अगर भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाती है, तो वो अपने सहयोगियों की सद्भावना पर बहुत ज्यादा निर्भर हो सकती है क्योंकि यही उन्हें सियासत का एक अहम खिलाड़ी बनाती है। जिनसे उम्मीद लगाई जाती है कि वो नीति निर्माण के साथ-साथ नीति निर्धारण के मामले में भी अपना भारी भरकम योगदान देंगे। 2014 में सत्ता में आने के बाद से पीएम मोदी की भाजपा ने गठबंधन सरकार में शासन किया है, लेकिन उसके पास हमेशा अपने दम पर बहुमत रहा है।

पाक साइट डान ने कहा भारी जीत नहीं मिली

पाकिस्तानी वेबसाइट डॉन में लोकसभा चुनाव को लेकर एक आर्टिकल छपा है। डॉन ने लिखा है- भारत में चुनाव की मतगणना से पता चलता है कि मोदी गठबंधन बहुमत की ओर बढ़ रहे हैं लेकिन भारी जीत नहीं मिली है। अखबार ने आगे लिखा, टीवी चैनलों के अनुसार मंगलवार को शुरुआती मतगणना में एनडीए बहुमत हासिल कर रहा है, लेकिन एग्जिट पोल के मुकाबले जीत उतनी पड़ी नहीं है। बीबीसी इंग्लिश ने कहा है कि भारत में चुनाव नतीजों में भाजपा की बड़ी जीत की उम्मीदों को झटका। निकी एशिया कहता है कि नरेंद्र मोदी बहुमत से सरकार बना रहे हैं।

नरेंद्र मोदी का दबदबा तो दिखा लेकिन...

भारत में हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों का मंगलवार को ऐलान किया गया। केंद्र में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने जा रही है लेकिन भाजपा की सीटें घटी हैं। इस पर इंटरनेशनल मीडिया ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। बीबीसी न्यूज ने कहा है कि नतीजों में मोदी की बड़ी चुनावी जीत की उम्मीदें धूमिल हुई हैं। यूके से स्काईन्यूज ने कहा कि भाजपा का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी में सत्ताधारी भाजपा की निगाहें तीसरी बार सरकार बनाने पर है।

चुनाव को प्रभावित करने की भी हुई कोशिशें

विश्लेषकों का मानना है कि मोदी राज में भारत का जिस तरह से उभार हुआ है उसे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग एशिया में चीन के वर्चस्व की राह में सबसे बड़ी बाधा मान रहे हैं। वहीं, ओपनएआई ने दावा किया एक इजराइली फर्म भारत और मोदी विरोधी कंटेंट का प्रसार करने में लगी हुई थी। दो सबसे बड़े अभिनेता के डीपफेक वीडियो भाजपा के विरोध और विपक्ष का समर्थन करने में जुटे हुए थे। इनके एजेंडे में भारत विरोध और मोदी विरोध में कोई अंतर नहीं रह गया।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने लिखा- छोटी पार्टियों के सहारे जीती है भाजपा

लोकसभा चुनावों के नतीजों और एनडीए के इस प्रदर्शन पर विदेशी मीडिया ने भी टिप्पणी की है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि भारत के चुनावी नतीजे काफी चौंकाने वाले रहे हैं। उन्होंने संसद में उतनी सीट नहीं जीती जितनी वो आशा जता रहे थे। इसका मतलब ये हुआ कि अब उन्हें छोटी पार्टियों के सहारे संसद में जाना होगा और उन्हीं के सहारे सरकार चलाने को मजबूर होना होगा। 2014 से ये पहली बार है कि भारत के सबसे ताकतवार नेता अपने दम पर तीसरी बार के चुनाव में अपनी पार्टी को मेजोरिटी पर नहीं ला पाए।

चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने कहा दोनों देशों के संबंध सुधरेंगे

चीन के अखबार ग्लोबल टाइम्स ने कहा है कि मोदी सरकार बनने से दोनों देशों के बीच जो कुछ मतभेद है वे दूर होंगे और खुला संवाद बना रहेगा। अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट ने लिखा है कि मोदी तीसरी बार सत्ता में आ रहे है। जनवरी में उन्होंने राम मंदिर का उद्घाटन कर अपनी पार्टी की हिंदू राष्ट्रवादी प्रतिज्ञा को पूरा किया। पीएम मोदी तीसरी बार जीतकर यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारत के दूसरे नेता बन गए है।

दुनिया के लिए इसलिए अहम भारत

1 दुनिया का सबसे बड़ा बाजार

एक अरब चालीस करोड़ की आबादी वाला भारत दुनिया का सबसे बड़ा और विशाल संभावनाओं वाला बाजार है।

2 विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र

भारत में 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं, जो कि दुनिया के किसी भी देश से ज्यादा हैं।

3 प्रवासियों का सबसे बड़ा समूह

दुनिया भर के देशों में भारत के 1 करोड़ 80 लाख से ज्यादा प्रवासी हैं, जो कि भारत की सॉफ्ट पॉवर का विस्तार करते हैं।

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक आदमी (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नामः **नामालूम,** परिवार व पता **नामालूम,** उम्रः **करीब 45–50 वर्ष, जो फुटपाथ, श्मशान घाट के पास, ससि कैम्प, नाले के पीछे, बदरपुर, नई दिल्ली में दिनांक 28.05.2024 को रात्रि लगभग 11:09 बजे मृत अवस्था में पाया गया।** इस संदर्भ में एक **डीडी नं. 114ए दिनांक 28.05.2024 थाना बदरपुर, नई दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

लिंगः पुरुष, **आयुः** 45–50 वर्ष, **कदः** 5' 5" फीट, **रंगः** गोरा, **चेहराः** लम्बोतरा, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** ग्रेइश रंग के पजामे के साथ फुल बाजू की लाईट ब्राउन रंगीन टी–शर्ट और पैरों से नंगा।

मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करें:–

थाना प्रभारी
थानाः बदरपुर, दिल्ली
फोनः 011–29894753, 29894754
मोबाइलः 8750870933

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
टेली. न.: 011-24368638/24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

DP/6741/SE/2024

पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 60 साल, **कदः** 5'6", **लिंगः** पुरूष, **रंगः** सावंला, **चेहराः** लम्बा, **बालः** काला और सफेद, **पहचान चिह्नः** चेहरे पर निशान, **पहनावाः** नीले रंग की जींस और ग्रे रंग की लाइनदार शर्ट, **बरामदी स्थलः** एलपीजी बॉटलिंग प्लांट मदनपुर खादर मेट्रो पिलर संख्या 193 और 194 के बीच।

मृतक के शव को पहचान के लिए एम्स अस्पताल दिल्ली की मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 82A दिनांकः 27.04.2024 पुलिस स्टेशनः कालिंदी कुंज, दक्षिण पूर्व, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः कालिंदी कुंज,
दक्षिण पूर्व, दिल्ली
फ़ोनः 9313014008, 8750870922

DP/6685/SE/2024

खबर संक्षेप

इंफोसिस के सीईओ का सालाना वेतन बढ़कर 66.24 करोड़

नई दिल्ली। इन्फोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सलिल पारेख का वार्षिक पारितोषिक वित्त वर्ष 2023-24 में 17 प्रतिशत बढ़कर 66.24 करोड़ रुपये रहा। इसके साथ बेंगलुरु मुख्यालय वाली आईटी कंपनी के शीर्ष अधिकारी उद्योग में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ में शामिल हो गये हैं। पारेख को वित्त वर्ष 2022-23 में में 56.4 करोड़ रुपये का सालाना पारितोषिक मिला था।

सन फार्मा को कारोबार में ऊंची वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली। फार्मा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज को चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अपने राजस्व में ऊंची एक अंकीय वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी के प्रबंध निदेशक दिलीप सांघवी ने यह बात कही है। मुंबई की इस कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 में कुल एकीकृत परिचालन राजस्व 48,497 करोड़ रुपये रहा है।

सीबीआईसी जल्द व्यापक आबकारी कानून लाएगा

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने मंगलवार को केंद्रीय उत्पाद शुल्क विधेयक, 2024 के मसौदे पर टिप्पणियां आमंत्रित कीं। यह दशकों पुराने केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की जगह लेगा।
वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि विधेयक का मकसद कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने और पुराने तथा निरर्थक प्रावधानों को निरस्त करने के साथ ही एक व्यापक आधुनिक केंद्रीय उत्पाद शुल्क कानून बनाना है। विधेयक में 12 अध्याय, 114 धाराएं और दो अनुसूचियां शामिल हैं।

ओला में आईपीओ से पहले होगी छंटनी, खतरे में कर्मचारियों की नौकरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी ओला इलेक्ट्रिक आईपीओ से पहले छंटनी की तैयारी कर रही है। कंपनी की योजना लागत के बोझ को कम कर मुनाफे में आने की है। इससे कंपनी के सैकड़ों कर्मचारियों की नौकरी पर खतरा मंडरा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ओला इलेक्ट्रिक में 400 से 500 कर्मचारियों की छंटनी की जा सकती है। कंपनी अपने ऑपरेशन को स्ट्रीमलाइन करने के लिए छंटनी की योजना पर काम कर रही है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि छंटनी में प्रभावित होने वाले कर्मचारियों का आंकड़ा आने वाले दिनों में बदल भी सकता है, क्योंकि अभी कंपनी का वरिष्ठ प्रबंधन छंटनी के स्केल पर विचार ही कर रहा है।

कंपनी की योजना लागत के बोझ को कम कर मुनाफे में आने की

कई वर्टिकल्स पर होगा छंटनी का असर

बताया जा रहा है कि ओला इलेक्ट्रिक के संस्थापक भावेश अग्रवाल प्रस्तावित आईपीओ से पहले कंपनी को मुनाफे में लाना चाहते हैं। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि ओला इलेक्ट्रिक में होने जा रही छंटनी का असर किन कर्मचारियों पर होने वाला है, लेकिन ऐसी आशंका है कि कई वर्टिकल्स के कर्मचारी इससे प्रभावित हो सकते हैं।

हायर हो सकते हैं कम वेतन पर लोग

कंपनी पुराने कर्मचारियों को नौकरी से निकालकर उनमें से कुछ की जगह पर नए कर्मचारियों को हायर कर सकती है। अधिक वेतन वाले पुराने कर्मचारियों की जगह पर कम वेतन पर नए कर्मचारी लाने से कंपनी को लागत कम करने में मदद मिलेगी। सूत्रों का ये भी कहना है कि जितने कर्मचारियों की छंटनी होगी, उसकी तुलना में कम कर्मचारी हायर किए जाएंगे। यानी ओला इलेक्ट्रिक के ओवरऑल हेडकाउंट में कमी तय है।

दिसंबर में फाइल हुआ था ड्राफ्ट

ओला इलेक्ट्रिक ने पिछले साल दिसंबर में आईपीओ के लिए बाजार नियामक सेबी के पास ड्राफ्ट फाइल किया था। उस समय कंपनी ने ड्राफ्ट में बताया था कि अक्टूबर 2023 तक उसके कर्मचारियों की कुल संख्या 3,733 थी। कंपनी की योजना आईपीओ लाकर निवेशकों से 5,500 करोड़ रुपए तक जुटाने की है।

सेंसेक्स ने 6000 अंकों का लगाया गोता

ताश के पत्तों की तरह बिखरा शेयर बाजार, आई कोरोना काल की याद!

एजेंसी ▶▶| मुंबई

चुनावी नतीजों वाले दिन शेयर बाजार में ऐसी सुनामी आई कि उसमें बीएसई का सेंसेक्स 6000 अंकों का गोता लगा गया, तो वहीं एनएसई का निफ्टी 1900 अंक से ज्यादा फिसल गया। कोरोना काल के बाद ये अब तक की सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिली है। एक दिन पहले बहार और अगले ही दिन हाहाकार आखिर क्यों मचा? इसके पीछे प्रमुख चार कारण दर्ज किए गए।

- निफ्टी ने भी दो हजार अंकों तक गिरावट दर्ज की, सेंसेक्स और निफ्टी छह फीसदी तक टूटे

सबसे पहले एक्जिट पोल के परिणाम नहीं बने हकीकत। इसके बाद दूसरी प्रमुख वजह भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलना रहा। तीसरे कारण के रूप में विदेशी निवेशकों की बेरूखी रही। विदेशी निवेशकों ने पहले ही बाजार से मुंह मोड लिया था। अनुमान हकीकत न बनने से निवेशकों का सेंटीमेंट बिगड़ा जिसकी वजह से बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

बाजार गिरावट के साथ खुला

बीते दिन यानी सोमवार को एग्जिट पोल में नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार की वापसी के संकेत के बाद स्टॉक मार्केट के प्रमुख बंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाई पर पहुंच गए। ग्लोबल मार्केट से मिल रहे अच्छे संकेतों के बावजूद बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी आज गिरावट के साथ खुले थे।

सेंसेक्स व निफ्टी में 9 अंक तक गिरावट पहुंच गई थी

सेंसेक्स दोपहर में कारोबार के दौरान 4,131.44 अंक या 5.40 प्रतिशत गिरकर 72,337.34 अंक और निफ्टी 1,263.3 अंक या 5.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,000.60 अंक पर आ गया। इसके बाद 30 शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स 6,234.35 अंक या 8.15 प्रतिशत गिरकर 70,234.43 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 1,982.45 अंक या 8.52 प्रतिशत गिरकर 21,281.45 अंक पर आ गया।

सेंसेक्स 72,079 अंक पर हुआ बंद

लोकसभा चुनाव के शुरुआतों रुझानों के बीच शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ खुला। शेयर बाजार के लिए मंगलवार का दिन अमंगलकारी साबित हुआ। कारोबारी सत्र काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। कारोबारी सत्र के दौरान आई भारी गिरावट के बाद अंत में सेंसेक्स 4,389.73 अंक (5.74%) की गिरावट के साथ 72,079.05 पर बंद हुआ। इसके साथ ही निफ्टी 1,379.40 अंक (5.93%) की गिरावट के साथ 21,884.50 पर कारोबार खत्म किया।

285 स्टॉक अपने 52 हफ्ते का निम्नतम स्तर पर पहुंचे

बीएसई पर मंगलवार को ऐसा भयानक मंजर था कि 736 कंपनियों ने लोअर सर्किट छुआ और 285 कंपनियों के स्टॉक अपने 52 हफ्ते का निम्नतम स्तर पर पहुंच गए। देश के सबसे पुराने एक्सचेंज पर आज ट्रेडिंग कर रहे 3,873 स्टॉक में से 3,402 में गिरावट दर्ज की गई है। साथ ही लगभग 100 स्टॉक में कोई बदलाव नहीं आया। सिर्फ 370 स्टॉक ही आज ऐसे रहे, जो हरे निशान का मुंह देख सके।

इन शेयरों ने लगाया अपर सर्किट

लोअर सर्किट लगाने वाले प्रमुख शेयरों में आईनॉक्स विंड, जेएंडके बैंक, अलोक इंडस्ट्रीज, टीवी 18 ब्रॉडकास्ट, वन 97 कम्युनिकेशंस, एनबीसीसी, स्वान एनर्जी, श्नाइडर इलेक्ट्रिक और शक्ति पम्पस शामिल रहे। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप भी लगभग 23 लाख करोड़ रुपये कम हो गया। इस भारी गिरावट के बावजूद 119 स्टॉक ने 52 हफ्तों का सर्वोच्च स्तर हासिल किया। साथ ही 92 स्टॉक ने अपर सर्किट भी लगाया है।

रुपए पर पड़ी चुनावी नतीजों की मार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लोकसभा चुनाव में अपने दम पर बहुमत मिलने की संभावना कम होने से मंगलवार को शेयर बाजार में मचे हाहाकार के बीच रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 45 पैसे की भारी गिरावट के साथ 83.59 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर लुढ़क गया।

- 45 पैसे टूटकर 83 .59 प्रति डॉलर पर

विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली और प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से निराशा और बढ़ गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 83.25 पर कमजोरी के साथ खुला और कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया 83.23 के ऊपरी और 83.59 के निचले स्तर के बीच झूलता रहा। कारोबार के अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.59 के भाव (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 45 पैसे की बड़ी गिरावट है। सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.14 पर बंद हुआ था। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों की मंगलवार को हुई मतगणना में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए परिणाम उतने उत्साहजनक नहीं रहे हैं। इसके अलावा भाजपा के अपने दम पर स्पष्ट बहुमत पाने की संभावना भी बहुत कम दिख रही है। इसका असर शेयर बाजार और विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार दोनों पर नजर आया।

डॉलर सूचकांक 0.17 फीसदी बढ़ा

दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के खिलाफ डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत बढ़कर 104.25 पर पहुंच गया। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76.89 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

सोने में 450 रुपये की तेजी, चांदी 200 रुपये मजबूत

नई दिल्ली (भाषा)। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 450 रुपये के उछाल के साथ 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर जा पहुंचा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अतिरिक्त, चांदी की कीमत भी 200 रुपये बढ़कर 93,100 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 92,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमत (24 कैरेट) 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही, जो पिछले बंद भाव से 450 रुपये अधिक है।

कल्याण ज्वैलर्स ने कैंडेरे में शेष हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की

त्रिशूर। कल्याण ज्वैलर्स इंडिया लिमिटेड ने कल्याण ज्वैलर्स की सहायक कंपनी कैंडेरे में अपनी शेष 15 प्रतिशत हिस्सेदारी अधिग्रहण हासिल करने के लिए **www.candere.com** (एनोवेट लाइफ स्टाइल्स प्राइवेट लिमिटेड) के संस्थापक रूपेश जैन के साथ निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। परिणामस्वरूप कैंडेरे कल्याण ज्वैलर्स की रुपये 42 करोड़ के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन जाएगी, क्योंकि यह ई-कॉमर्स से ओमनी चैनल कॉमर्स की ओर अग्रसर है। कल्याण ज्वैलर्स ने ई-कॉमर्स व्यवसाय में अपने प्रवेश के हिस्से के रूप में 2017 में कंपनी में बहुमत हिस्सेदारी हासिल कर ली थी। कैंडेरे ने रुपये **FY**2023-24 में 130.3 करोड़ का वार्षिक राजस्व दर्ज किया। कैंडेरे 2013 से तेजी से बढ़ते किफायती और सुलभ आभूषण खंड का हिस्सा रहा है। 2017 में कल्याण ज्वैलर्स द्वारा अधिग्रहण के बाद, ब्रांड ने अपनी पेशकशों, ग्राहकों की पसंद और प्रमुख बाजारों में उपस्थिति के मामले में लगातार प्रगति की है। पिछले सोलह महीनों में, कैंडेरे ने उभरती उपभोक्ता जरूरतों के अनुरूप सर्वव्यापी वाणिज्य के लिए एक रणनीतिक धुरी पर काम शुरू किया है।

एआई का लाभ उठा रही एयरलाइन कंपनियां

नई दिल्ली। भारतीय एयरलाइंस ग्राहक सेवा कर्मचारियों के काम के बोझ को कम करने और यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का लाभ उठा रही हैं। एयर इंडिया ने अपनी पांच वर्षीय बदलाव योजना के तहत एआई का व्यापक उपयोग करने की तैयारी की है। इसका जेनरेटिव एआई वर्चुअल एजेंट 'एआई.जी' 1,300 से अधिक विषयों को संभालता है। इसी तरह देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के पास एआई चैटबॉट '6एस्काई' है, जिसमें 1.7 लाख करोड़ मानक हैं, जिससे यह आसानी से सवालों के जवाब दे सकता है। यह बॉट 'स्पीच-टू-टेक्स्ट'' मॉडल का उपयोग करके लिखित, टाइप की गई भाषा और मौखिक निर्देशों को समझ सकता है। अकासा एयर ने कहा कि वह सभी व्यावसायिक कार्यों में सिद्ध प्रौद्योगिकी समाधानों में भारी निवेश करना जारी रखेगी। दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक भारत में एयरलाइंस भी अपने बेड़े का विस्तार कर रही हैं। इसके साथ ही विमानन सहित सभी उद्योगों में एआई और मशीन लर्निंग (एमएल) जैसी तकनीकों को अपनाने में वृद्धि हो रही है। एयर इंडिया के मुख्य डिजिटल और प्रौद्योगिकी अधिकारी सत्य रामास्वामी ने बताया कि एआई का इस्तेमाल एयरलाइन के प्रौद्योगिकी दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग है।और एआई बेहतर ढंग से ग्राहक सेवा अनुरोधों का जवाब दे रहा है।

सिंधु बेटर न्यूट्रिशन ब्रांड की ब्रांड एंबेसडर बनीं

नई दिल्ली। बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधु ने ग्रीनडे के 'बेटर न्यूट्रिशन' ब्रांड में निवेश किया है और वह उसकी ब्रांड एंबेसडर भी होंगी। एक बयान में यह जानकारी दी गई। 'बेटर न्यूट्रिशन' ब्रांड का मकसद 'बायोफोर्टिफाइव' (जैव-प्रबलित) खाद्य पदार्थों के जरिए भारत में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करना है। इसके तहत कंपनी 'बायोफोर्टिफाइड' आटा, चावल, बाजरा, रागी और मक्का उपलब्ध कराती है। सिंधु ने बयान में कहा, 'मैं ऐसे ब्रांड के साथ सहयोग करके खुश हूं जो हमारे देश में पोषण की कमी के गंभीर मुद्दे से निपटने की दिशा में काम करता है।' ग्रीनडे की स्थापना भारतीय प्रबंधन संस्थान (अहमदाबाद) के पूर्व छात्र रस्तोगी और ऐश्वर्या भटनागर ने की है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रस्तोगी ने कहा, 'भारत में पोषण की कमी एक गंभीर चिंता का विषय है, जहां 50 प्रतिशत से अधिक आबादी जिंक, आयरन और प्रोटीन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों की कमी से पीड़ित है।'

भारतीय रेल
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय/MINISTRY OF RAILWAYS
(रेलवे बोर्ड)/RAILWAY BOARD
सं. 2018/ट्रैक-I (पी)/आरएसपी-ईयूआर/वॉल.-I दिनांक: 04.06.2024
शुद्धिपत्र सं. 2
लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं) हेतु ई-निविदा सं. टीकेपी-1-2024 के विरुद्ध जारी किया गया शुद्धिपत्र सं. 2 आईआरईपीएस पर अपलोड किया गया है।
इच्छुक निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे शुद्धिपत्र के ब्यौरों के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1665/24

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा आमंत्रण सूचना

कार्य का नाम और इसकी स्थिति	30-Elect-28-T-2024-25-E3 निम्नलिखित के संबंध में विद्युत कार्य (i) विद्युत प्रशिक्षण केंद्र गाजियाबाद में छात्रावास भवन का विस्तार। (ii) ADEN/E-III के तहत SSE/W/TH के सेक्शन में ड्रग स्टोर के ऊपर T&P रूम, किचन और स्टोर्स का निर्माण।
निविदा की अनुमानित लागत	रु. 39.93 लाख
कार्यालय का पता	वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली
बयाना राशि	रु. 79900.00
निविदा निवेदन की दिनांक व समय	28.06.2024, 12.00 बजे
निविदा खोलने की दिनांक व समय	28.06.2024, 12.00 बजे
वेबसाइट व नोटिस बोर्ड	www.ireps.gov.in व वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1659/24

ज्योतिष
सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम सभी समस्याओं का समाधान
बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने लॉन्च किया रिलायंस पर्सनल एक्सीडेंट 360 शील्ड आपको और आपके परिवार को पूरी सुरक्षा देने वाला प्लान

नई दिल्ली। भारत में साधारण बीमा क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में से एक, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने आज बड़े गर्व के साथ अपने नए प्रोडक्ट, रिलायंस पर्सनल एक्सीडेंट 360 शील्ड के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस पॉलिसी है, जिसे लोगों और उनके परिवारों की बेमिसाल सुरक्षा प्रदान करने के इरादे से डिजाइन किया गया है। यह सुरक्षा कवर वाकई बेहद खास है, जिसे आपको और आपके अपनों को न केवल व्यक्तिगत दुर्घटना के प्रभावों से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है, बल्कि यह दुर्घटना के बाद एक बड़े अटके के रूप में परिवार के सामने आने वाले गंभीर प्रभावों से नी सुरक्षा देता है। इस पॉलिसी का उद्देश्य भारत के साथ-साथ दुनिया भर में दुर्घटना के प्रभाव से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर 360 डिग्री सुरक्षा मुहैया कराना है। यह पॉलिसी बिल्कुल अनोखी है जो सामान्य तौर पर दुर्घटना की वजह से विकलांगता या मृत्यु की स्थिति में मिलने वाले कवरेज से परे है, क्योंकि यह दुर्घटना के बाद के परिणामों और उससे जुड़ी लागतों का व्यापक रूप से समाधान पेश करती है। यह पॉलिसी जरूरत के समय बीमा धारक और उनके परिवार की हर तरह से सहायता सुनिश्चित करती है।

राशिफल

मेष — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। माता का सानिध्य मिलेगा। कारोबारी कार्यों में रुचि बढ़ सकती है। यात्रा लाभप्रद होगी। कला या संगीत के प्रति रुझान रहेगा।

वृष — भाई-बहनों के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

मिथुन — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। अति उत्साही होने से बचें।

कर्क — धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

सिंह — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। किसी पैतृक कारोबार की पुनः शुरुआत हो सकती है। अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी।

कन्या — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमयी रहेगा। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी।

तुला — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थिति रहेगी। अति उत्साही होने से बचें।

वृश्चिक — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा।

धनु — कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि हो सकती है।

मकर — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कुंभ — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु लंबी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन — परिश्रम अधिक रहेगा। विदेश यात्रा के अवसर मिल सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

शब्द पहेली - 5532



बाएँ से दाए
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह, टीस, लालसा-3
6. हानि, आपत्ति-2
7. दुश्मनी, बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश, आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. शैतानी, बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा, लालसा-4
24. कवि, गजलकार-3
25. जरा, थोड़ा-2
27. मुलायम, नाजुक-3
28. गुफा, खोह-2
29. प्रियतम, सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह. शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा, गंजा-4
4. पंक्ति, लाइन-3
5. लड़की, पुत्री, बेटी -2
7. वहम, संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा, कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा, तीक्ष्ण-3
16. आतुर, धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट, कपि-3
20. गोविंदा, खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन, प्रेमी-3
24. संध्या, सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना, मास-2

शब्द पहेली- 5531 का हल

	प	रा	या	प	न		म	च	ल	ना
सां	ग		च		का	ली	न		त	ट
ब		त	क	रा	र		का	ल		की
ला	चा	र			दे	श		त	न	य
प		ती		पा	ना		गा		क	
न	क	ब	ज	न		चा	ल	च	ल	न
	हा		मा		च	र		ह		म
म	र	ना		द	म			क	स	क
र		श	क		क	रा	ह	ना		या
दू	ब		ल	बा	दा		रा		या	त्रा
द	या	क	र		र	च	ना	का	र	



आतंकी हमले की खबरों के बीच न्यूयॉर्क में सैर-सपाटा कर रहे टीम इंडिया के खिलाड़ी

सुरक्षा एजेंसी ने नहीं दी कोई गाइडलाइन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय टीम पांच जून से टी20 वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। टीम के ज्यादातर खिलाड़ी 27 मई को न्यूयॉर्क पहुंच गए थे और तभी से तैयारी में लगे हुए हैं।

तैयारी के साथ-साथ खिलाड़ी न्यूयॉर्क में सैर सपाटा भी कर रहे हैं। आतंकी हमले के खतरे की खबरों के बीच भी खिलाड़ियों का यह सैर-सपाटा जारी है।

इस्लामिक स्टेट ने शेयर की थी स्टेडियम की तस्वीर

आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट यानी आईएस ने ब्रिटिश चैट साइट पर न्यूयॉर्क के नए नवेले नासाओ स्टेडियम की फोटो पोस्ट की थी। पोस्ट में स्टेडियम के ऊपर ड्रोन उड़ रहे थे। इस पोस्ट के साथ भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख 9/06/2024 लिखी हुई थी। पोस्ट का स्क्रीनशॉट एनबीसी न्यूयॉर्क टीवी की एक समाचार रिपोर्ट पर प्रसारित किया गया।

भारत और पाकिस्तान के बीच नौ जून को टी20 वर्ल्ड कप का मुकाबला खेला जाएगा

खिलाड़ियों को नहीं दिए गए निर्देश

सीएनएन की खबर के मुताबिक नासाओ के पुलिश कमिश्नर ने कहा, 'खिलाड़ियों को किसी भी तरह के आदेश नहीं दिए गए हैं। वह न्यूयॉर्क में कहीं भी बिना किसी डर के घूम सरते हैं। जबसे टीम इंडिया न्यूयॉर्क आई है सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। उनपर कोई खतरा नहीं है। वॉर्म अप मैच के दौरान भी सुरक्षा शानदार थी।' टीम इंडिया के खिलाड़ियों के शहर में कहीं भी आने-जाने पर कोई रोक नहीं है। उन्होंने आगे कहा, 'मैं गारंटी देता हूं कि नासाओ सबसे सुरक्षित जगह है। नौ जून को भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान भी ऐसा कुछ नहीं होगा।'

न्यूयॉर्क में सख्त है सुरक्षा

न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने इस धमकी के बाद कहा था कि उन्हें इस तरह की खबरों को लेकर कोई पक्का सबूत नहीं मिला है। कैथी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, 'विश्व कप की तैयारी में मेरी टीम संघीय और स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है जिससे कि उपस्थित लोगों को सुरक्षित रखा जा सके। हालांकि इस समय कोई विश्वसनीय खतरा नहीं है, मैंने न्यूयॉर्क पुलिस को सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने का निर्देश दिया है और हम निगरानी जारी रखेंगे।'

खबर संक्षेप

टी20 वर्ल्ड कप के बाद भी अमेरिका नहीं छोड़ेंगे पैट कमिंस

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस के सितारे इन दिनों बुलंद है। अपने देश को दो फॉर्मेट का वर्ल्ड चैंपियन बनाने के बाद उन्होंने अपनी आईपीएल टीम को भी फाइनल में पहुंचाया। अब कमिंस अमेरिका में है लेकिन इस बार वह कप्तान नहीं है। टी20 वर्ल्ड कप के खत्म होने के बाद भी पैट कमिंस ऑस्ट्रेलिया वापस नहीं जाएंगे। उन्होंने खास प्लान बनाया है। पैट कमिंस ने फैसला किया है कि वह अमेरिका की टी20 लीग में हिस्सा लेंगे। 5 जुलाई से मेजर लीग क्रिकेट के दूसरे सीजन की शुरुआत होगी। कमिंस सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस टीम के कोच पूर्व ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ी शेन वॉटसन है। वॉटसन महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल में खेल चुके हैं। वॉटसन और धोनी के बीच अच्छी दोस्ती भी है। कमिंस के साथ इस टीम में उनके युवा साथी जेक फ्रेजर मैकगर्क,मैट शॉर्ट न्यूजीलैंड के फिन एलेन, मैट हेनरी, इंग्लैंड के प्लंकेट और पाकिस्तानी खिलाड़ी हारिस रऊफ शामिल है।

आईसीसी ने बढ़ाई प्राइज मनी, विनर को मिलेंगे 20.4 करोड़

न्यूयार्क। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए प्राइज मनी का ऐलान कर दिया और अपना खजाना टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही टीमों के लिए खोल दिया। इस बार चैंपियन बनने वाली टीम को टी20 वर्ल्ड कप इतिहास की सबसे बड़ी राशी ईनाम के रूप में दी जाएगी। वहीं आईसीसी ने टूर्नामेंट में उप-विजेता रहने वाली टीम को बड़ी राशि ईनाम में देने की घोषणा की। इस सीजन में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम साथ ही सेकेंड राउंट में आने वाली टीम के अलावा 20वें स्थान पर रहने वाली टीम को भी प्राइज मनी दी जाएगी। इस बार जो टीम चैंपियन बनेगी उसे ईनाम के रूप में 20.4 करोड़ रुपये की ईनामी राशी दी जाएगी जबकि उप-विजेता टीम को 10.6 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम को 6.5 करोड़ रुपये मिलेंगे जबकि सेकेंड राउंड यानी सुपर 8 में आने वाली टीमों को 3.2 करोड़ रुपये मिलेंगे। इस सीजन में जो टीमें 9वें से लेकर 12वें स्थान पर रहेंगी उन टीमों को 2.05 करोड़ रुपये मिलेंगे तो वहीं 13वें से 20वें स्थान पर रहने वाली टीमों को भी 1.8 करोड़ रुपये ईनाम के रूप में दिए जाएंगे, यानी जो भी टीमें इस बार टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है किसी को भी खाली हाथ नहीं रहना होगा।

युगांडा को 125 रन से हराया, फारूकी को 5 विकेट, मैन ऑफ द मैच चुने गए

अफगानिस्तान की टी-20 वर्ल्डकप में दूसरी बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में युगांडा ने मंगलवार को गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 183 रन बनाए और 184 रन का टारगेट दिया। जवाब में युगांडा 16 ओवर में 58 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह अफगानिस्तान ने युगांडा को 125 रन से हरा दिया। टी-20 वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान की रनों के हिसाब से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले, टीम ने 2021 वर्ल्ड कप में स्कॉटलैंड को 130 रन से हराया था। अफगानिस्तान की ओर से फजलहक फारूकी ने 5 विकेट झटके। यह टूर्नामेंट का चौथा बेस्ट बॉलिंग फिगर है। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

जीत के हीरो

गुरबाज-जादरान की ओपनिंग पार्टनरशिप : अफगानिस्तान के लिए रहमानुल्लाह गुरबाज (76) और इब्राहिम जादरान (70) ने अर्धशतकीय पारी खेली। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 154 रनों की साझेदारी हुई। यह टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप है।

नवीन-उल-हक का शानदार स्पेल : मैच में नवीन-उल-हक का स्पेल भी शानदार रहा। उन्होंने 2 ओवर में 2.00 की इकोनॉमी रेट से महज 4 रन दिए। साथ ही दो विकेट भी झटके। उन्होंने दिनेश नकरानी और अल्पेश रामजानी को आउट किया। युगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा ने टीम की ओर से शानदार बॉलिंग की। अपने 4 ओवर में 21 रन देकर 2 विकेट झटके। उन्होंने रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान की 154 रन की साझेदारी तोड़ी। इसके बाद नजीबुल्लाह जादरान को उनके 2 रन के स्कोर पर आउट कर दिया।

अफगानिस्तान के फारूकी ने 5 विकेट झटके

रियाजत अली शाह और रॉबिन्सन ओबुया के अलावा युगांडा का कोई और बल्लेबाज दहाई के आंकड़ा तक नहीं पहुंच सका। युगांडा के लिए रॉबिंसन ने सबसे ज्यादा 14 रन बनाए। अफगानिस्तान की ओर से फजलहक फारूकी ने 5 विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। फारूकी के अलावा नवीन उल हक और कप्तान राशिद खान ने दो-दो विकेट झटके।

अफगानिस्तान की पारी

गुरबाज-जादरान के बीच 154 रन की साझेदारी

अफगानिस्तान के लिए इब्राहिम जादरान और रहमानुल्लाह गुरबाज ने अर्धशतकीय पारी खेली। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 154 रनों की साझेदारी हुई। इन दोनों बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 183 रन बनाए। यह पहली बार है जब अफगानिस्तान की तरफ से टी-20 वर्ल्ड कप में शतकीय साझेदारी हुई। अफगानिस्तान के लिए गुरबाज ने 45 गेंदों पर 4 चौके और 4 छक्के की मदद से सबसे ज्यादा 76 रन और जादरान ने 46 गेंदों पर 9 चौकों और 1 छक्के की मदद से 70 रन बनाए। युगांडा के लिए ब्रायन मसाबा और कोसमस क्यवुता ने दो-दो विकेट झटके।

श्रीलंकाई टीम को करना पड़ रहा बहुत ट्रैवल

वर्ल्ड कप शेड्यूल पर कप्तान ने उठाए सवाल

कप्तान वानिंदु हसरंगा और स्पिनर तीक्षणा हुए नाराज

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

टी20 वर्ल्ड कप में इस बार टूर्नामेंट की मेजबानी अमेरिका और वेस्टइंडीज के हाथों में है। वर्ल्ड कप की शुरुआत हो गई है और इसी बीच एक टीम के कप्तान ने वर्ल्ड कप में उनके शेड्यूल को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि श्रीलंकाई टीम के कप्तान वानिंदु हसरंगा हैं। हसरंगा के अलावा उनके टीम के स्पिनर महीष तीक्षणा ने भी इस मुद्दे को लेकर नाराजगी जताई है। इन दोनों का मानना है कि वर्ल्ड कप में यह काफी अनुचित है और लंबी ट्रैवलिंग के कारण उन्हें एक प्रैक्टिस सेशन रद्द करना पड़ा है। श्रीलंकाई टीम को अपने ग्रुप यानी कि ग्रुप डी के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने हराया।

चार अलग अलग वैन्यू पर जाना पड़ रहा

तीक्षणा ने श्रीलंका के मैचों के शेड्यूल की आलोचना करते हुए कहा कि इसका टीम पर गलत असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि यह गलत है। हमें हर मैच के बाद ट्रैवल करना पड़ रहा है क्योंकि उन्हें चार अलग-अलग वेन्यू पर खेलना है। उन्होंने कहा कि हमें रात आठ बजे निकलना था लेकिन सुबह पांच बजे उड़ान ली। यह अनुचित है लेकिन खेलते समय यह मायने नहीं रखता। दूसरी ओर साउथ अफ्रीका को दो और मैच यहां खेलना है जबकि भारतीय टीम तीन मैच यहां खेलेगी।

मैच खेलने के लिए सुबह 5 बजे उठना पड़ा

तीक्षणा ने आगे कहा कि होटल से प्रैक्टिस वेन्यू भी एक घंटे 40 मिनट का रास्ता है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले भी हमें सुबह पांच बजे उठना पड़ा। तीक्षणा ने नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि कुछ टीमों को एक ही वेन्यू पर खेलना है और उनका होटल मैदान से 14 मिनट का ही रास्ता है।

मैथ्यू हेडेन बोले-टीम में कोहली को मत रखो...

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैथ्यू हेडेन ने कहा कि अगर विराट कोहली ऐसा नहीं करते हैं तो उन्हें टीम में रखने की कोई जरूरत नहीं है। कोहली टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज हैं और टी20 वर्ल्ड कप 2024 में वो अपना कमाल दिखाने के लिए तैयार हैं।

कोहली के लिए आईपीएल 2024 काफी अच्छा बीता था और इसमें वो सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। वैसे विराट कोहली टी20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद अब जाकर भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलने जा रहे हैं, लेकिन उन्हें लेकर पूर्व कंगारू खिलाड़ी मैथ्यू हेडेन ने बड़ा बयान दे दिया।

ओपनिंग नहीं करते तो कोहली की टीम में जगह नहीं

मैथ्यू हेडेन का मानना है कि अगर विराट कोहली भारत के लिए ओपनिंग नहीं करते हैं तो उनकी इस टीम में जगह नहीं होनी चाहिए। हेडेन ने कहा कि आपके पास टीम में राइट-लेफ्ट बैटिंग कांबिनेशन होनी चाहिए। हेडेन ने कहा कि कोहली को ओपनिंग करनी होगी वरना वह मेरी टीम में नहीं खेलेंगे बेशक वो शानदार फॉर्म में हों। आपको बता दें कि फिलहाल कोहली और यशस्वी जायसवाल के बीच ओपनिंग को लेकर टक्कर चल रही है।

सोशल मीडिया पर दी जानकारी भारत के लिए 82 मैच खेले

केदार जाधव ने प्रोफेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर केदार जाधव ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें जाधव ने अपने करियर की तस्वीरों का एक स्लाइड शो भी शेयर किया, जिसमें बैकग्राउंड में किशोर कुमार का गाना बज रहा था।

केदार जाधव ने अपने रिटायरमेंट की पुष्टि करते हुए पोस्ट में कहा, दोपहर 3 बजे से मेरे पूरे करियर में आपके प्यार और समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद। मुझे क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायर मान लीजिए।

जाधव ने 73 वनडे और 9 टी-20 खेले

केदार जाधव ने 2014 से 2020 के बीच भारत के लिए 73 वनडे और 9 टी20 मैच खेले हैं। 39 वर्षीय जाधव ने एमएस धोनी की कप्तानी में बेहतरीन प्रदर्शन किया। जाधव ने 2019 वर्ल्ड कप खेला और सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली टीम का हिस्सा थे। उन्होंने भारत के लिए आखिरी मैच साल 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था।

साल 2023 में आखिरी बार आईपीएल खेला

जाधव ने आखिरी बार आईपीएल 2023 के दूसरे हाफ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए आईपीएल खेला था। जाधव उस दौरान जियो सिनेमा के लिए मराठी कमेंट्री भी कर रहे थे। कुल मिलाकर, उन्होंने आईपीएल में आरसीबी और सीएसके के अलावा दो और टीमों के लिए खेला, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद शामिल हैं। अपने आईपीएल करियर में, केदार जाधव ने 95 मैच खेले और 123.14 के स्ट्राइक रेट से 1208 रन बनाए, जिसमें उनके नाम चार हाफ सेंचुरी हैं।

छक्का लगाते ही खिलाड़ी को पड़ा दिल का दौरा!

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे के उपनगरीय इलाके मीरा रोड के काशीमीरा इलाके में टर्फ क्रिकेट खेलते समय युवक को दिल का दौरा पड़ने का वीडियो सामने आया है। मुंबई के पास ठाणे जिला के मीरा रोड इलाके से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। इस इलाके में टर्फ क्रिकेट खेलते समय एक युवक की मौत होने की खबर है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वायरल वीडियो मीरा रोड में एक स्थानीय क्रिकेट मैच का है। वीडियो में गुलाबी जर्सी पहने एक युवक मैच के दौरान तेज शॉट लगाते हुए देखा गया। शॉट लगाने के बाद अगली गेंद का इंतजार करते हुए युवक अचानक क्रीज के पास ही गिर पड़ा। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। युवा क्रिकेटर को अचानक गिरता देख मैच खेल रहे अन्य खिलाड़ी और अंपायर उसकी मदद के लिए दौड़े।

अवधि विस्तारण : 30 जून 2024

सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा

रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)

सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्गों के कल्याण और अंत्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत इच्छुक गैर सरकारी संगठनों/स्वैच्छिक संगठनों /ट्रस्ट/सोसाइटियों/कॉर्पोरेटों से **'समर्थ वृद्ध सेवा आश्रम योजना'** के अंतर्गत वृद्ध सेवा आश्रम संचालन करने हेतु 'रुचि की अभिव्यक्ति' (ईओआई) आमंत्रित करता है। 'समर्थ वृद्ध सेवा आश्रम योजना' में परिभाषित मापदंडों के अनुसार, हरियाणा सरकार के स्वामित्व वाली इमारतें जिनमे वृद्धाश्रमों का संचालन होना है उनका विवरण निम्न प्रकार से है:-

1. जिला रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित वृद्धाश्रम, सेक्टर-4, एचएसवीपी, गुरुग्राम।
2. डे केयर सेंटर, सेक्टर 14, एचएसवीपी, मुख्य बस स्टैंड के पीछे की तरफ, हिसार।
3. वरिष्ठ नागरिक क्लब, सेक्टर 6. एचएसवीपी, बहादुरगढ़, झज्जर।
4. वरिष्ठ नागरिक क्लब, सेक्टर 20, एचएसवीपी, पुलिस स्टेशन के पास, सिरसा।
5. डे केयर सेंटर, सेक्टर 7, एचएसवीपी, पुलिस स्टेशन के पास, सोनीपत।
6. डे केयर सेंटर, सेक्टर 17, एचएसवीपी, स्वामी विवेकानंद स्कूल के पास, जगाधरी, यमुनानगर

इच्छुक गैर सरकारी संगठन/स्वैच्छिक संगठन/ट्रस्ट/सोसाइटियां/कॉर्पोरेट योजना के अनुसार अपना विस्तृत प्रस्ताव ईमेल आईडी:- sje@hry.nic.in पर ईमेल के माध्यम से या सीलबंद लिफाफे में सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्गों के कल्याण और अंत्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा, एससीओ 20-27, जीवनदीप बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, सेक्टर-17-ए, चंडीगढ़ 160017 के कार्यालय में 22/04/2024 के बजाय **30/06/2024** तक सकारात्मक रूप से जमा कर सकते हैं। विस्तृत 'समर्थ वृद्ध सेवा आश्रम योजना' दस्तावेज़ विभाग की वेबसाइट www.socialjusticehry.gov.in पर प्राप्त किए जा सकते हैं।

स्थानः चंडीगढ़ — संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
दिनांकः 05.06.2024 — कृते महानिदेशक सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्गों के कल्याण और अंत्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा
पीआरडीएच-1104/11/19/2025/26441/88/7 दि. 04.06.24

रिजवान ने रमीज राजा के इस बयान का किया खुलासा

भारत को हराना पाक के लिए विश्व कप जीतने से ज्यादा बड़ा!

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

टी20 विश्व कप का आगाज हो चुका है। हालांकि, सबसे ज्यादा चर्चा नौ जून को न्यूयॉर्क में होने वाले मैच की हो रही हैं। उस दिन भारत का सामना कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। टी20 विश्व कप में दोनों टीमें अब तक सात बार आमने-सामने आ चुकी हैं। इनमें से भारत ने छह मैच जीते, जबकि 2021 में पाकिस्तान ने 10 विकेट से जीत हासिल की थी। शाहीन अफरीदी की घातक गेंदबाजी के आगे केएल राहुल, रोहित शर्मा और विराट कोहली की एक नहीं चली थी।

हालांकि, 2022 में भारत ने मेलबर्न में इसका बदला ले लिया था। 2021 में पाकिस्तान की जीत के हीरो रहे मोहम्मद रिजवान ने अब भारत के खिलाफ मैच को लेकर बयान दिया है। पाकिस्तानी फैंस में यह बात बहुत वायरल है कि वह टी20 विश्व कप हार जाएं, लेकिन भारत के खिलाफ उन्हें हार बर्दाश्त नहीं है। अब रिजवान ने इस पर बयान दिया है।

रिजवान ने भारत के खिलाफ मैच से पहले रमीज राजा को याद किया है। उन्होंने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष का वह संदेश याद दिलाया, जिसकी बदौलत उन्होंने 2021 में जीत हासिल की थी। रिजवान ने खुलासा किया कि रमीज ने खिलाड़ियों से भारत के खिलाफ मैच जीतने के लिए कहा था, चाहे कुछ भी हो जाए। उन्होंने कहा, 'हमने 2021 से पहले (विश्व कप में) कभी भारत को नहीं हराया था। रमीज राजा हमसे मिले और कहा, तुम्हें भारत को हराना है।

जब उन्होंने यह बात कही थी, तब विश्व कप काफी दूर था। जब वह पहली बार पीसीबी अध्यक्ष बने थे, तभी से उन्होंने टीम में इस सोच को विकसित करना शुरू कर दिया था। जैसे-जैसे हम विश्व कप के करीब आते गए, उन्होंने कहा- भले ही आप ट्रॉफी जीतें या नहीं, बस भारत से मत हारना।'

हर देश का व्यक्ति देखता है पाकिस्तान का मैच

रिजवान ने यह भी खुलासा किया कि चूंकि वह पहली बार विश्व कप में भारत का सामना कर रहे थे, इसलिए उन्हें वास्तव में जीत हासिल करने तक उस परिणाम के महत्व का एहसास नहीं था। उन्होंने कहा, 'भारत और पाकिस्तान के बीच मैच हमेशा दबाव वाला होता है। लोग एक टूर्नामेंट में सभी मैच नहीं देख सकते हैं, लेकिन भारत-पाकिस्तान का मैच ऐसा है जिसे हर कोई देखता है। चाहे वे किसी भी देश के हों। उस समय हमारे साथ मैथ्यू हेडन थे। उन्होंने मेरे और कप्तान को गले लगा लिया और पूछा कि हम कैसा महसूस कर रहे हैं।

अरुणाचल प्रदेश की दोनों सीटों पर खिला कमल रिजिजू 2 लाख मतों से जीते

इटानगर। अरुणाचल प्रदेश की दोनों लोक सभा सीटों पर एक बार फिर भाजपा ने जीत हासिल करते हुए कमल खिला दिया है। अरुणाचल पश्चिम से भाजपा उम्मीदवार एवं केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने 205417 मत प्राप्त कर भारी जीत हासिल की है। उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार नबाम तुकी को 100738 मतों के अंतर से हराया है। नबाम तुकी को कुल 104679 मत, निर्दलीय उम्मीदवार तेजी राणा को 33314, गण सुरक्षा पार्टी के उम्मीदवार टोको शीतल को 30530 मत, निर्दलीय उम्मीदवार बिमपाक सिगा को 11518 मत, निर्दलीय उम्मीदवार रुही टैगुंग को 7821 मत, निर्दलीय उम्मीदवार लेकी नोरबू को 2271, निर्दलीय उम्मीदवार तानिया जून को 1958 मत मिला है। नोटा पर कुल 2296 मत पड़े हैं। अरुणाचल पूर्व सीट से भाजपा उम्मीदवार तापीर गाओ ने 145581 मत प्राप्त कर जीत हासिल की है। तापीर गाओ ने कांग्रेस पार्टी के अपने निकटतम उम्मीदवार बोसीराम सिरण को 30421 मतों के अंतर से हराया है। बोसीराम सिरम को कुल 115160 मत, निर्दलीय उम्मीदवार तमात गामोह को 27603 मत, निर्दलीय उम्मीदवार सोताई क्री को 14213 मत, निर्दलीय उम्मीदवार ओमक नितिक को 9369 मत मिले।

त्रिपुरा में कांग्रेस को झटका! दोनों लोकसभा सीट पर भाजपा ने जीती

भारत में 18वीं लोकसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा उम्मीदवार कृति देवी देबबर्मन ने मंगलवार को त्रिपुरा पूर्व लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से यह जानकारी मिली। आयोग के मुताबिक, कृति ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी माकपा उम्मीदवार राजेंद्र रियांग को 4,86,819 मतों से हराया। कृति को 7,77,447 वोट जबकि रियांग को 2,90,628 वोट मिले। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा उम्मीदवार बिप्लब कुमार देब ने त्रिपुरा पश्चिम लोकसभा सीट से छह लाख से अधिक मतों के अंतर से जीती है।

असम में राजग का रहा दबदबा

असम में सत्तारूढ़ भाजपा और उसके सहयोगी असम गण परिषद (अगप) और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) 10 लोकसभा सीटों पर आगे थी, जबकि कांग्रेस चार सीट पर बढ़त बनाए हुए थे। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल डिब्रूगढ़ में, काजीरंगा में राज्यसभा सदस्य कामाख्या प्रसाद तासा, तेजपुर में विधायक रंजीत दत्ता, लखीमपुर में मौजूदा सांसद प्रदान बरुआ, गुवाहाटी में बिजुली कलिता मेधी, दारंग-उदालगुड़ी में दिलीप सैकिया, दिफू में अमर सिंह तिस्सो और सिलचर में परिमल शुक्लाबैद्य आगे चल रहे हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल अगप और यूपीपीएल ने भी बरपेटा और कोकराझार में बढ़त बना रखी है, जहां से क्रमशः फणीभूषण चौधरी और जयंत बसुमतारी उम्मीदवार हैं। कांग्रेस की ओर से लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गौरव गोगोई जोरहाट से, मौजूदा सांसद प्रोद्युत बारदोलोई नगांव से, विधायक रकीबुल हुसैन धुबरी से और हाफिज रशीद अहमद चौधरी करीमगंज से आगे चल रहे हैं। पीछे चल रहे प्रमुख उम्मीदवारों में धुबरी में एआईयूडीएफ अध्यक्ष

और तीन बार के सांसद बदरुद्दीन अजमल और जोरहाट में मौजूदा भाजपा सांसद तपन गोगोई शामिल हैं डिब्रूगढ़ में सोनोवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार लुरिनज्योति गोगोई को 693762 मतों से हराया, जबकि कांग्रेस नेता गौरव गोगोई भाजपा के मौजूदा सांसद तपन गोगोई से 144393 मतों से जीत दर्ज की। ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के अध्यक्ष एवं धुबरी से सांसद बदरुद्दीन अजमल असम की धुबरी लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार रकीबुल हुसैन से 1012476 लाख वोटों से हार गए। बरपेटा में अगप के फणी भूषण चौधरी अपने कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी दीप बयान से 222351 वोटों से जीत दर्ज की। सिल्चर से असम के मंत्री परिमल शुक्ला बैद्य कांग्रेस उम्मीदवार सूर्यकांत सरकार पर 264311 मतों से जीत दर्ज की। जबकि करीमगंज में भाजपा के मौजूदा सांसद कृपानाथ मल्ला ने कांग्रेस के हफीज रशीद अहमद चौधरी 18360 मतों से हराया। ब्रह्मपुत्र के उत्तरी तट के सोनितपुर और लखीमपुर निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवार रंजीत दत्ता और प्रदान बरुआ ने अपने कांग्रेस प्रतिद्वंद्वियों पर क्रमशः 361408 और 201257 मतों से विजय दर्ज की है। नगांव में कांग्रेस के मौजूदा सांसद बारदोलोई 212231 वोटों से जीत गए हैं, जबकि भाजपा के मौजूदा सांसद दिलीप सैकिया दारंग-उदालगुड़ी में 329012 मतों से जीत गए है। काजीरंगा में राज्यसभा सांसद कामाख्या प्रसाद तासा 1,27,387 मतों से जीत गए हैं। गुवाहाटी में भाजपा के बिजुली कलिता मेधी 1,77,720 वोटों से, दिफू में अमर सिंग तिस्सो 77,425 मतों से और कोकराझार में यूपीपीएल के जोयंत बसुमतारी 38,560 मतों से जीत दर्ज की हैं।

महाराष्ट्र

महाराष्ट्र में महासंग्राम, महाविकास अघाड़ी ने एनडीए को पीछे धकेला, उद्धव भी आगे

लोकसभा चुनाव 2024 में महाराष्ट्र के सभी के सभी 48 सीटों के परिणाम लगभग आ चुके हैं। इलेक्शन कमिशन के मुताबिक, भाजपा गठबंधन मात्र 18 सीटों पर सिमट गई है, तो इंडी गठबंधन 29 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं 1 सीट पर निर्दलीय ने बढ़त बनाई है। महाराष्ट्र में एनडीए को बड़ा नुकसान हुआ है जबकि कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) तथा एनसीपी (एसपी) को ज्यादा फायदा हुआ है। शिवसेना उद्धव गुट के सामने शिवसेना शिंदे गुट को बड़ा झटका लगा है। शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे के घर जश्न मनाया जा रहा है। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें पार्टी के कार्यकर्ता एक दूसरे को मिठाई खिला रहे हैं। महाराष्ट्र की नासिक लोकसभा सीट से शिवसेना (उद्धव गुट) के प्रत्याशी राजाभाऊ वाजे ने बड़ी जीत दर्ज की है। उन्हें 1.60 लाख से अधिक वोट मिले हैं। शिंदे गुट को यहां से बड़ा झटका लगा है।

अमित शाह 7 लाख 44 हजार वोटों से जीते

गांधीनगर लोकसभा सीट पर अमित शाह ने 7 लाख 44 हजार 716 वोटों से कांग्रेस की सोनल पटेल को हराकर दूसरी बार जीत हासिल की है और अपने पिछले साल का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। वहीं, रजकोट लोकसभा सीट पर बीजेपी उम्मीदवार पुरुषोत्तम रूपाला ने कांग्रेस के परेश धनानी को 4 लाख 84 हजार 260 सीटों से पटखनी देकर जीत दर्ज की है। मरूच में भी भाजपा ने बेहतरीन प्रदर्श किया है। आप उम्मीदवार चैतर वसावा को हराते हुए बीजेपी के उम्मीदवार और 6 बार के सांसद मनसुख वसावा ने 85 हजार 696 वोटों से जीत दर्ज कर ली है।

नरेंद्र मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री : एकनाथ शिंदे

महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि ठाणे से हमारे उम्मीदवार नरेश म्हस्के को भारी जीत हासिल हुई है। मैं इन्हें बधाई देता हूं। वे ठाणे लोकसभा का विकास करेंगे। मैं सभी का और PM मोदी का अभिनंदन करता हूं, वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। पीएम मोदी विकास के एजेंडे पर चुनाव लड़ रहे थे। इस देश की जनता ने विकास को वोट दिया है। जिन लोगों ने कहा था कि पीएम मोदी को तड़ीपार करो, उन लोगों को सत्ता से दूर रखकर जनता ने तड़ीपार कर दिया है।

कल्याण लोकसभा सीट से श्रीकांत शिंदे जीते

नंदुरबार लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ने 1.50 लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की है। वहीं कल्याण लोकसभा सीट से श्रीकांत शिंदे भी जीत गए हैं। जीत के बाद श्रीकांत भावुक दिखे। कल्याण लोकससभा सीट पर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के श्रीकांत शिंदे का मुकाबला वैशाली डारेकर राणे से था।

कोंकण में पहली बार खिला कमल

केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के उम्मीदवार नारायण राणे जीत गए हैं। कोंकण में आखिरकार कमल खिल गया है। राणे ने महाराष्ट्र के रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोकसभा सीट से जीत हासिल कर ली है। राणे को 4,14,934 वोट मिले। वहीं शिवसेना उद्धवगुट के विनायक राउत को 3,56,304 वोट मिले। नारायण राणे ने इसका श्रेय पीएम मोदी को दिया है।

महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल ने सबसे बड़ा 'खेला' किया है - संजय

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि देश में बदलाव होने जा रहा है। हम इसे सकारात्मक रूप से देखते हैं। शाम तक भाजपा और सीटें हार जाएंगी। वो 240 से नीचे आ जाएंगे। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल ने सबसे बड़ा 'खेला' किया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109